

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 319

ग्वालियर, बुधवार, 12 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## खास खबर

### रक्षामंत्री राजनाथ, नडडा के बाद राधामोहन सिंह हुए कोरोना संक्रमित, भाजपा में चिंता

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर का साया यूपी बीजेपी पर पड़ता दिख रहा है।रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बाद अब बीजेपी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह भी कोरोना संक्रमित हुए हैं। राधा मोहन सिंह ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।उन्होंने कहा, कोरोना के शुरुआती लक्षण दिखने पर मैंने अपना कोविड टेस्ट करवाया, रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।मैंने खुद को आइसोलेट कर लिया है।लक्षण बहुत शुरुआती हैं, मैं स्वस्थ महसूस कर रहा हूं।इसके साथ ही सिंह ने अपील की है कि जो लोग उनके संपर्क में आए हैं, वहां अपनी जांच जरूर करवा लें। राधा मोहन सिंह के कोरोना संक्रमित होने की खबर ने यूपी बीजेपी को चिंता में डाल दिया है।दरअसल सिंह सोमवार को लखनऊ में बीजेपी की चुनाव संचालन समिति की बैठक में शामिल थे।प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में उनके साथ मुख्यमंत्री योगी तथा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह के अलावा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और डॉ. दिनेश शर्मा भी शामिल हुए थे। वहीं सपा नेता सुनील यादव ने कहा, 'कल जो बीजेपी की बैठक हुई है, उसमें कई लोग करोना पॉजिटिव निकले हैं। इसके बावजूद जो लोग मीटिंग में थे वहां घर-घर कोरोनावायरस बांट रहे हैं।क्या उनपर एफआईआर नहीं होनी चाहिए।' यादव ने कहा कि बीजेपी के जो लोग बैठक के बाद भी जनता के बीच अभी घूम रहे हैं, उनके खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए।

### किसान आंदोलन की वजह से बंद दिल्ली की सीमाएं खुलवाने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वे याचिका खारिज कर दी,जिसमें किसान आंदोलन की वजह से बंद दिल्ली की सीमाएं खुलवाने की मांग की गई थी।सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि याचिका का कोई मतलब नहीं है।क्योंकि किसान आंदोलन पहले ही खत्म हो चुका है।दिल्ली की सीमाएं भी खुल गई हैं। नोएडा,यूपी की मोनिका अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।इसमें उन्होंने दलील दी थी कि किसानों ने महीनों से दिल्ली की सीमाओं को बंद कर रखा है।इससे उन्हें दिल्ली पहुंचने में 20 मिनट के बजाय दो घंटे का समय लग जाता है।उनकी तरह दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों से जुड़े लाखों लोगों को ऐसी ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पारित तीन विवादित कृषि कानूनों के विरोध में नवंबर 2020 से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने आंदोलन शुरू किया था।इसी क्रम में दिल्ली की सीमाओं पर 1 साल से अधिक तक किसान आंदोलनकारी धरना दिए बैठे रहे।यह सिलसिला अगस्त-2021 में तब रुका, जब केंद्र सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर दी।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 9 गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने विल्लुपुरम जिले के गिंगी में 16 वर्षीय लड़की का यौन शोषण करने के आरोप में 77 वर्षीय व्यक्ति सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।इसमें लड़की का चचेरा भाई (36) और चाची (50) शामिल है। इसके अलावा, मन्नाकट्टई उर्फ वेंकटेशन (77),आर. इयालाराजा (28), एम. वेंकटेशन (24), आर प्रभु (37), के. बाबू (22), पी.एझुमलाई (26) और ए सत्यराज (28) अन्य को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अपराध का पता तब चला, जब नाबालिग लड़की को उसकी मौसी पेट दर्द की शिकायत के बाद पास के अस्पताल ले गई और विस्तृत जांच में पता चला कि वह चार महीने की गर्भवती थी। लड़की के माता-पिता की मृत्यु हो गई थी और वह पढ़ाई के लिए अपनी मौसी के यहां चली गई थी। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कोरोना की तीसरी लहर में घबराने नहीं, सावधानी बरतने की जरूरत : नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को कोरोना-रोधी टीके की एहतियाती खुराक ली और कहा कोविड महामारी की इस तीसरी लहर में घबराने की नहीं, बल्कि सावधानी बरतने की जरूरत है। टीके की एहतियाती खुराक लेने के बाद 64 वर्षीय नकवी ने ट्वीट किया, आज कोरोना टीके की एहतियाती खुराक ली। मेड इन इंडिया कोरोना टीके बिलकुल सुरक्षित हैं। वह सभी लोग जो एहतियाती खुराक लेने के लिए पात्र हैं, वे टीके जरूर लगवाएं और भारत को कोरोना मुक्त बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों की सेहत-सलामती के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं।

#### भारी बर्फबारी की वजह से

# हिमाचल में 6 हाईवे समेत 774 सड़कें बंद हादसों में 7 लोगों की मौत, लाहौल में एवलांच

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी के तीन दिन बाद सोमवार को मौसम खुला। प्रदेश में धूप खिलने से बर्फ से लदे पहाड़ चांदी तरह चमक उठे। हालांकि, बर्फबारी के बाद निकली धूप में लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं। मौसम विभाग ने एवलांच की चेतावनी जारी की है।



लाहौल स्पीति में सोमवार को दो गांव में एवलांच आया। लाहौल के सिस्सु और राशेल गांव में पहाड़ से स्नो एवलांच आया। हालांकि, किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन खराब मौसम के चलते हुई दुर्घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई। शिमला में सड़क पर जमी बर्फ पर गाड़ी फिसलने से हुए हादसे में एक बच्ची और गर्भवती महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, चंबा में घर पर चट्टान गिरने से भीतर सो रहीं एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। मृतका की पहचान जयवंती (77) पत्नी रूलदू राम निवासी गांव बन्नू डाकघर बरौर के रूप में की गई है। शिमला के रामपुर में वजीर बावड़ी निरमंड मार्ग पर पहाड़ी दरकने से एक युवक की चट्टानों की चपेट में आने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर बाद अटल टनल के नार्थ पोर्टल के पास सिस्सु में पहाड़ी से हिमस्खलन हुआ। इसकी वजह से चंद्रा नदी का बहाव कुछ देर के लिए रुक गया। हालांकि, बाद में नदी का बहाव सामान्य हो गया। जनजातीय क्षेत्र लाहौल घाटी के राशेल-लिंगर गांव के बीच वामतट की पहाड़ी से भी लगभग एक किमी के दायरे में हिमस्खलन हुआ है। हिमाचल भर में बर्फबारी और बारिश के चलते अब भी छह नेशनल हाईवे समेत 774 सड़कें ठप हैं। 2054 बिजली ट्रांसफार्मर बंद होने से कई गांवों में ब्लैक आउट है। जल स्रोत और पानी की 249 परियोजनाएं जम जाने से जल संकट गहरा गया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के 450 रूट ठप हैं। मंडी जिले में पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे सात मील के पास पूरी तरह से बंद हो गया है। हालांकि पुलिस और प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से ट्रेफिक को अन्य वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट कर दिया है। रात भर हाईवे बंद रहा। जहां पर पत्थर गिरे वहां पहाड़ी से और पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ था। शाम करीब पांच बजे सात मील के पास पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का सिलसिला शुरू हुआ और सात बजे बड़े-बड़े पत्थर पहाड़ी से गिरने शुरू हो गए, इसकी वजह से हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया। एसपी मंडी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया अंधेरा होने के कारण हाईवे पर गिरे मलबे को नहीं हटाया जा सका। उन्होंने कहा कि यह मलबा जल्द हटा दिया जाएगा ताकि हाईवे पर आवागमन बहाल किया जा सके।

## राहुल गांधी विदेश से वापस लौटे लिया चुनावी तैयारियों का जायजा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी विदेश यात्रा से स्वदेश लौट वापसी हो गई है। इसके साथ ही वह एक बार फिर से राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को उन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव में पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया और नेताओं के साथ कई बैठकें कीं। इससे पहले वह विदेश दौरे के वक्त भी लगातार ट्विटर पर एक्टिव थे और सत्ता पक्ष पर हमला बोलते रहे थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक गोवा के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश चोडनकर और विधायक दल के नेता दिगंबर कामत ने राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मीटिंग में किसी दूसरे दल के साथ गठबंधन की संभावना को लेकर भी चर्चा की गई।

बीते करीब दो सप्ताह से देश के राजनीतिक सीन में राहुल गांधी नहीं थे। वह नए साल के मौके पर विदेश दौरे पर गए थे। रविवार की शाम को ही दिल्ली वापस लौटे और पार्टी के सीनियर नेताओं केसी वेणुगोपाल और पी. चिदंबरम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गोवा में चुनावी तैयारियों को लेकर बातचीत की। गोवा में कांग्रेस पार्टी में तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन को लेकर सहमति बनती नहीं दिख रही है। लेकिन गोवा फॉरवर्ड पार्टी के साथ बात बन सकती है। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस ने हाल ही में कांग्रेस के कई नेताओं को शामिल किया है। यही नहीं पार्टी नेताओं ने सभी विपक्षी दलों के साथ आने की अपील की है। 2017 में गोवा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें मिली थीं, लेकिन वह सरकार नहीं बना पाई थी। हालांकि भाजपा ने चुनाव बाद गठबंधन के जरिए सरकार बनाने में सफलता हासिल की थी। सूत्रों के मुताबिक यदि चुनाव आयोग की ओर से फिजिकल रैलियों को मंजूरी दी जाती है तो फिर राहुल गांधी मणिपुर, गोवा, यूपी, पंजाब और उत्तराखंड में कुछ रैलियों को संबोधित कर सकते हैं।

## सत्ता में रहते नोएडा की धरती पर पैर रख चुके हैं योगी, दोबारा नहीं बनेंगे सीएम : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोएडा की धरती पर कदम नहीं रखने के पीछे का रहस्य उजागर किया। उन्होंने कहा नोएडा जाने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं बच पाती है, इसीलिए मैं नोएडा नहीं गया। हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा जा चुके हैं, इसलिए अब यह तय हो चुका है कि वह दोबारा यूपी के मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे।

अखिलेश ने एक टीवी चैनल से बातचीत में यह दावा किया। दरअसल यूपी के सियासी गलियारों में काफी समय से यह चर्चा रही है कि मुख्यमंत्री रहते हुए जो भी शख्स नोएडा जाएगा, उसकी सत्ता छिन जाएगी। सियासी जमात के बीच इस 'अपशगुन' का डर ऐसा रहा कि हर मुख्यमंत्री नोएडा जाने से बचता रहा। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए नोएडा मेट्रो का शिलान्यास भी लखनऊ से ही किया था। योगी आदित्यनाथ ने जब राज्य की सत्ता संभाली तो उन्होंने इस मिथक को तोड़ते हुए वर्ष 2022 में ही नोएडा का दौरा किया था। वहीं एक सवाल के जवाब में सपा सुप्रीमो ने कहा कि श्रीकृष्ण हमारे कुल देवता हैं। हम सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करते हैं। कोई भी देवता किसी एक व्यक्ति या पार्टी का नहीं होते हैं। इस बार जनता भाजपा को राधे-राधे कहकर सत्ता से विदा कर देगी। वहीं, अखिलेश यादव ने इसके साथ ही स्वीकार किया कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करना उनकी बड़ी गलती थी।


### सतीश चंद्र मिश्रा बोले- बसपा सुप्रीमो मायावती नहीं लड़ेंगी विधानसभा चुनाव


**लखनऊ।** पांच राज्यों में चुनावों के ऐलान के बाद उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दलों की हलचलें तेज हो गई हैं। वहीं बसपा के खेमे से बड़ी खबर आ रही है कि बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती चुनाव नहीं लड़ेंगी। इस बात की जानकारी पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने दी। सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि हम लगातार जमीन पर काम कर रहे हैं। चुनावी रणनीति को मजबूत कर रहे हैं और आने वाले चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि मायावती लगातार पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगी। ऐसे में वह किसी एक सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगी।

## पंजाब में कांग्रेस का सीएम चेहरा कौन होगा सिद्धू बोले- यह हाईकमान नहीं, जनता तय करेंगी



**चंडीगढ़।** अंतर्कलह से पंजाब कांग्रेस भले ही उबर चुकी हो पर अब सीएम फेस को लेकर हलचल जारी है। इस पर पार्टी प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने स्पष्ट कहा कि सीएम के बारे में हाईकमान नहीं पंजाब के लोग तय करेंगे। हम पंजाब माडल लेकर आए हैं। इसी माडल के आधार पर लोग विधायकों को चुने जाएंगे। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए सिद्धू ने कहा कि अगले पांच वर्ष पंजाब माडल पर सरकार चलेगी। कहा कि मेरा भविष्य भी पंजाब माडल पर टिका है। सिद्धू ने मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी का नाम लिए बगैर उन पर हमला भी किया। उन्होंने कहा कि रेत के रेट कम हुए, केबल की कीमत कम हुई। कहा नहीं हुई। यह पूछे जाने पर कि पंजाब माडल में भूजल, पानी व पर्यावरण को बचाने के लिए क्या माडल है। इस पर सिद्धू ने कहा कि पानी सबसे बड़ा खजाना है। अगला वर्ल्ड वार इसी पर होगा। इन मुद्दों पर उनके पंजाब माडल में पूरी चर्चा होगी। इस पर हम बाबा नानक के फलसफे पर चलेंगे। मुफ्त के लालीपाप क्या पंजाब माडल में बंद होंगे। इस पर सिद्धू ने कहा कि सब्सिडी जरूरी हैं, लेकिन जरूरतमंदों के लिए। पंजाब में हम इंडस्ट्री को सस्ती बिजली दे रहे हैं। किसानों को मुफ्त बिजली दिल्ली की तुलना में किसानों को मुफ्त बिजली मिल रही है। पंजाब माडल पर चर्चा करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इसको लेकर उनकी पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी से बात हो गई है। इसे पार्टी के घोषणा पत्र में भी शामिल किया जाएगा।



## वन-टू-वन

### दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर मॉरिस ने संन्यास लिया

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस ने खेल को अलविदा कह दिया है। मॉरिस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट लिखकर प्रशंसकों को यह जानकारी दी है। मॉरिस अब कोचिंग में उतरेंगे। उन्हें दक्षिण अफ्रीका की घरेलू क्रिकेट टीम टाइटन्स ने अपना कोच बनाया है। मॉरिस आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी रहे थे। आईपीएल 2021 की नीलामी में मॉरिस को राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ में खरीदा था। उनसे पहले युवराज सिंह नीलामी में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी थे।मॉरिस ने लिखा, आज मै क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अपने करियर में सहायक और साथ रहे लोगों का में आभारी हूं। क्रिकेट का यह सफर काफी अच्छा रहा है। टाइटन्स टीम में कोचिंग की भूमिका में आकर मुझे काफी अच्छा लगा है।मॉरिस ने अंतिम बार साल 2019 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेला था। इस टूर्नामेंट में वो दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने तीनों प्रारुपों में कुल मिलाकर कुल 69 मैच में 94 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने साल 22 साल की उम्र में अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था।

### जोकोविच मामले को लेकर शर्मसार महसूस कर रहा : वार्न

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न ने सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर हुए वीजा विवाद को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। वार्न ने कहा है कि वह इस मामले से 'शर्मसार' महसूस कर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिये था। इसके साथ ही वार्न ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के बाद भी जोकोविच ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया या नहीं और किसने उसे यहां आने के लिए चिकित्सा राहत दी थी, वह इस बात को जानना चाहते हैं। जोकोविच टेनिस ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा चिकित्सा राहत दिए जाने के कारण बिना कोविड-19 टीकाकरण के ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच गये थे। जिससे इस मामले में विवाद हुआ था।ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर जोकोविच का वीजा रद्द कर उन्हें हिरासत में रखा गया पर इसके बाद अदालत ने इस मामले में उनका वीजा बहाल करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने की अनुमति दे दी थी। जोकोविच ने अदालत में कहा था कि उन्हें टीकाकरण की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पिछले महीने ही कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे, इस कारण अभी वह टीका नहीं लगा सकते। उस समय हालांकि विवाद हो गया जब बीमारी के दौरान उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की तस्वीरें साझा की गई थी।

### द्रविड़ ने मनाया 49 वां जन्मदिन

**केपटाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी दक्षिण अफ्रीका दौर पर है। टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने यहां अपना 49वां जन्मदिन मनाया है। द्रविड़ भारतीय टीम के कप्तान भी रहे हैं। द्रविड़ को इस अवसर पर साथ क्रिकेटरों के साथ ही बीसीसीआई ने बधाई दी है। द्रविड़ भारतीय टीम के पूर्व कप्तान भी रहे हैं। उन्हें टीम में मिस्टर भरोसेमंद नाम से भी जाना जाता है। द्रविड़ के करियर की सबसे बड़ी पारियों के बारे में बात करें तो साल 2001 में ईडन गार्डन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 180 रनों की पारी हमेशा ध्यान में आती है। इस पारी को अभी भी खेल के सबसे लंबे प्रारूप में सबसे गंभीर पारियों में से एक माना जाता है। इसके अलावा साल 2004 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ उनकी 270 रनों की पारी एक और शानदार पारी थी।

# हॉकी इंडिया ने शुतशानी को एनालिटिकल कोच, तारेन व मिशेल को सलाहकार बनाया




**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने महिला और पुरुष टीमों के लिए नये कोच और सलाहकार नियुक्त किये हैं। इसी के तहत ही दक्षिण अफ्रीका के पैट्रिक शुतशानी को महिला टीम का नया विश्लेषक (एनालिटिकल) कोच बनाया है जबकि सीनियर पुरूष और महिला टीमों दोनों के लिए तारेन नायडू और मिशेल पेम्बर्टन को सलाहकार बनाया है। शुतसानी इससे पहले कनाडा जूनियर महिला टीम के निदेशक रहे हैं। उन्होंने 2021 महिला पैन अमेरिका जूनियर चैम्पियनशिप खिताब तक उन्हें कोचिंग भी दी थी। वह कनाडा की महिला सीनियर टीम के सहायक कोच भी रहे थे। साल 2009 के बाद से ही कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शुतसानी हांगकांग महिला टीम के साथ भी सहायक कोच रहे हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की जूनियर महिला टीम के सहायक कोच और मुख्य कोच रहें हैं। वहीं नायडू भारतीय महिला टीम के वैज्ञानिक सलाहकार की जिम्मेदारी संभालेंगी।इससे पहले नायडू दक्षिण अफ्रीका की पुरूष और महिला हॉकी दोनों टीमों की मुख्य हॉकी वैज्ञानिक और 'स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग विशेषज्ञ के तौर पर काम कर रही थी। वह दक्षिण अफ्रीकी महिला टोक्यो ओलंपिक टीम की मुख्य खेल वैज्ञानिक और 'परफोरमेंस विश्लेषक भी रहीं थीं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पेम्बर्टन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के वैज्ञानिक सलाहकार होंगे। वह हॉकी ऑस्ट्रेलिया के साथ जूनियर पुरूष टीम के 'स्टेंथ एवं कंडिशनिंग समन्वयक के तौर पर काम रहे थे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम ने तारेन नायडू और मिशेल पेम्बर्टन को भारतीय महिला हॉकी और भारतीय पुरूष हॉकी टीम के लिये वैज्ञानिक सलाहकार के तौर पर बोर्ड में शामिल किये जाने पर खुशी व्यक्त की है। साथ ही कहा कि इससे भारतीय हॉकी को लाभ होगा।

# विराट की वापसी से मुकाबला और रोमांचक हुआ : एल्गर

**केपटाउन। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान डीन एल्गर ने कहा है कि तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली की वापसी से फर्क पड़ेगा। एल्गर ने कहा कि इससे यह मुकाबला और भी कठिन हो गया है।**



मेजबान टीम के कप्तान ने कहा कि इस अहम मैच में खिलाड़ियों के बीच कुछ अवसरों पर तनाव का माहौल भी बन सकता है जैसा कि दूसरे टेस्ट में कुछ अवसरों पर देखने में आया था। उन्होंने कहा कि विराट के आने से खेल का स्तर बढ़ेगा क्योंकि कप्तानी की बात हो या रणनीति बनाने की। विराट एक विश्वस्तरीय खिलाड़ी होने के साथ ही बेहद अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। उसका नाम ही काफी है और वह बेहद सम्मानित क्रिकेटरों में से एक है, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे उनकी कमी खली क्योंकि हमें इससे फर्क नहीं पड़ता कि हमारे खिलाफ कौन खेल रहा है। हमें अपने खेल पर ध्यान देने की ही जरूरत है। पिछले मैच की दूसरी पारी में नाबाद 96 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एल्गर ने कहा कि भारत के खिलाफ श्रृंखला जीतने से उनकी टीम को कई लाभ होंगे और उसका मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह टेस्ट पिछले 10 वर्षों संभवतः 15 वर्षों में हमारे लिये सबसे बड़ा मैच है। टेस्ट क्रिकेट में आपको लगातार उच्च स्तर की तीव्रता बनाये रखनी होती है और इसे पांचों दिन बरकरार रखना होता है। मैं जानता हूं कि पांचों दिन इसे बरकरार रखना हमेशा संभव नहीं होता लेकिन आपको निरंतरता बनाए रखनी होती है। एल्गर ने कहा कि दूसरे टेस्ट में जब हमने दबाव बनाया तो उसका प्रभाव भारतीय टीम पर पड़ा जिससे हमें लाभ पहुंचा। इसलिए इस मैच में भी हमारा प्रयास कुछ ऐसा ही रहेगा।



मेलबोर्न में बीबीएल में अर्धशतक लगाने के बाद उत्साहित लौरी इवेंस।

### साइना के पिता ने सिद्धार्थ पर निशाना साधा



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल के पिता ने अभिनेता सिद्धार्थ के अभद्र बयान को लेकर उसे फटकार लगायी है। सिद्धार्थ ने साइना पर एक आपत्तिजन पोस्ट की थी जिसके कारण उसे सोशल मीडिया पर लोगों ने जमकर फटकारा था। साइना के पिता हरवीर सिंह नेहवाल ने एक साक्षात्कार में यहां तक कहा कि साइना ने बैडमिंटन कोर्ट पर भारत के लिए पदक जीते हैं पर देश के लिए सिद्धार्थ का क्या योगदान था उन्होंने कहा, मुझे बहुत बुरा लगा जब उन्होंने मेरी बेटी के लिए ऐसे अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने आगे कहा, मैंने हमेशा माना है कि भारत एक महान समाज है और साइना को पत्रकारों और खेल जगत का समर्थन प्राप्त है, क्योंकि वे जानते हैं कि एक खिलाड़ी कितना संघर्ष करता है। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने भी महाराष्ट्र के डीजीपी को पत्र लिखकर सिद्धार्थ पर केस दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# जैमीसन पर 15 फीसदी जुर्माना



**दुबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन पर जुर्माना लगाया गया है। जैमीसन पर बांग्लादेश के खिलाफ समाप्त हुए दूसरे टेस्ट के दौरान यासिर अली को आउट करने के बाद अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के लिए मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी के एक बयान के अनुसार जैमीसन ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लघंन किया जो एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान ऐसी भाषा, एक्शन या हाव भाव का इस्तेमाल करने को लेकर है। यह एक बल्लेबाज को आउट होने बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिये उकसा सकता है।इसके अलावा एक डिमेरिट अंक (नकारात्मक अंक) भी जैमीसन के अनुशासनात्मक रिकार्ड में जोड़ दिया गया है जिनका 24 महीने में यह तीसरा उल्लघंन था जिससे उनके कुल तीन नकारात्मक अंक हो गए हैं। इससे पहले जैमीसन ने 23 मार्च 2021 को बांग्लादेश के खिलाफ क्राइस्टचर्च में एकदिवसीय में और पाकिस्तान के खिलाफ तौरंगा में 28 दिसंबर 2020 को टेस्ट मैच में आईसीसी आचार संहिता का उल्लघंन किया था। आईसीसी के अनुसार यह घटना सोमवार को बांग्लादेश की पहली पारी के 41वें ओवर में हुई जब जैमीसन ने यासिर अली को आउट किया और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था।

### अफगानिस्तान में मारा गया मोस्ट वांटेड टीटीपी आतंकी मोहम्मद खुरासानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का मोस्ट वांटेड आतंकी खालिद बटली उर्फ मोहम्मद खुरासानी अफगानिस्तान के पूर्वी नंगरहार प्रांत में मारा गया है। मोहम्मद खुरसानी पाकिस्तान में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक वरिष्ठ नेता था। पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने उसके मारे जाने की पुष्टि की है। हालांकि अभी तक यह नहीं बताया गया है कि इसकी मौत कैसे हुई है। पाक अफसरों ने बताया कि 50 वर्षीय खुरासानी टीटीपी का प्रवक्ता भी था।



अल्माटी की सड़कों पर पहरा देते हुए कजाकिस्तान के सैनिक।

### संयुक्त राष्ट्र में भारत ने कहा, आतंकवाद के लिए कोई बहाना नहीं होगा




**जिनेवा।** भारत ने कहा है कि देशों को आतंकवादी कृत्यों के लिए बहाने देने के बारे में सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि आतंकवाद के लिए कोई बहाना नहीं होगा है।वहीं मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक का मुकाबला करने के लिए मुद्दे पर खुद को बांटा नहीं जाना चाहिए। भारत फिलहाल वर्ष 2022 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आतंकवाद रोकथाम समिति की अध्यक्षता कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने कहा, भारत साल 2022 में आतंकवाद रोकथाम समिति की अध्यक्षता करेगा। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि सुरक्षा परिषद में आतंकवाद का मुकाबला हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है और हम अपनी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं।

# पड़ोसियों के प्रति चीन का व्यवहार भयावह, अपने साझेदारों के साथ खड़ा रहेगा अमेरिका : जेन साकी



**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका को कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने, जलवायु परिवर्तन, चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों समेत व्यापक पहलों पर साथ आगे बढ़ने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा जैसा कि आप जानते हैं कि पिछले सितंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस में मेजबानी की थी और उनकी बैठक का मकसद अमेरिका-भारत संबंधों के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू करना था। उस समय, दोनों नेताओं ने अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को लेकर अपने साझा दृष्टिकोण को साझा किया था और हम इस साल निकटता से मिलकर काम करना जारी रखेंगे। भारत के साथ लगती सीमा पर चीन के आक्रामक व्यवहार संबंधी एक और सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अमेरिका हालात पर लगातार नजर रख रहा है। उन्होंने कहा हम हालात पर निकटता से नजर रख रहे हैं। हम इन सीमा विवादों के वार्ता के जरिए तथा शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। हम इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि हम क्षेत्र में चीन के व्यवहार को किस प्रकार देखते हैं। हमारा मानना है कि यह अस्थिर करने वाला हो सकता है और हम अपने पड़ोसियों को डराने की चीन की कोशिश से चिंतित हैं। साकी ने कहा हम इस मामले पर अपने साझेदारों के साथ खड़े रहेंगे। साकी से 2022 में भारत और अमेरिका के संबंधों के संदर्भ में बाइडन प्रशासन के एजेंडे पर सवाल किया गया था, जिसके जवाब में उन्होंने कहा आप उम्मीद कर सकते हैं कि हमारी सरकारें वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए सहयोग से लेकर, जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयास तेज करने, द्विपक्षीय तरीके से और क्वाड के जरिए काम करने, व्यापार एवं निवेश में सहयोग बढ़ाने, साइबर और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी तक व्यापक पहलों में आगे बढ़ेंगीं। साकी ने कहा हम हमेशा की तरह वार्ता जारी रखेंगे, हम हमारे लोगों के बीच गहरे संबंधों और हमारे संबंधों के आधार हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। निसंदेह, हम यहां से संबंधों को आगे बढ़ाएंगे।




# पत्थर माफिया ने वन विभाग की टीम पर फेंका बम, जमकर की फायरिंग



## हमले में कोई हताहत नहीं, पुलिस भी पहुंची मौके पर, एक आरोपी पकड़ा, बाइक जप्त

**मुरैना।** बानमोर थाना क्षेत्र के पहाड़ी स्थित बन चौकी के पास रेत माफियाओं ने हाथ से बना बम वन विभाग की टीम पर फेंक दिया और फायरिंग कर डाली। हालांकि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन पत्थर माफियाओं का यह दुस्साहस पुलिस एवं प्रशासन को सोचने पर मजबूर करता है। जिले में रेत माफिया तो पहले से ही हावी हैं और अब पत्थर माफिया भी हमला करने में नहीं चूक रहे हैं। रेत माफियाओं के बाद चंबल अंचल में अब पत्थर माफिया भी हावी होता नजर आ रहा है। बामोर थाना इलाके के पहाड़ी गांव के पास अवैध पत्थर की खदान पर कार्यवाही करने गई वन विभाग की टीम पर पत्थर माफियाओं ने फायरिंग कर हमला बोल दिया। अवैध पत्थर का उत्खनन करने वाले पत्थर माफिया जेसीबी और मशीनों को खदान से निकलकर फायरिंग कर फरार हो गए। वन विभाग ने एक आरोपी और मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया। देर रात की घटना के बाद विभाग ने पुलिस के अधिकारियों को भी सूचना दी और पुलिस के अधिकारी भी देर रात मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि पत्थर माफिया ने हाथ से बना बम उस समय वन विभाग की टीम पर फेंका जब वहां अधिकारी भी मौजूद थे। बम देखते ही वहां हड़कंप मच गया और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही बामौर थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद पहुंच गया और आरोपियों की तलाश में जुट गया। घना जंगल और पहाड़ी इलाका होने की बजह से पत्थर माफिया मौके से फरार हो गए। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। इस तरीके की घटनाओं के बाद ऐसा लगता है कि राजनीति इतनी हावी है कि पत्थर माफिया और रेत माफियाओं का सहयोग भी राजनेता कर रहे हैं। जिले में रेत माफिया और पत्थर माफिया लगातार लोगों को कुचलने में भी पीछे नहीं हटते हैं और वन विभाग और पुलिस पर हमला करना तो अब आम बात हो गई है। जिस तरीके से पत्थर माफियाओं ने वन चौकी पर हाथ से बने हुए बम फोड़े और हथियारों से फायरिंग की है। उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पत्थर माफिया जिले में अधिकारियों पर किस तरीके से हावी हैं, यही कारण है कि अधिकारी कार्यवाही करने से पीछे हट जाते हैं ?

## प्रशासन के आदेश के बाद भी नगर में धडल्ले से संचालित हो रहे हैं कोचिंग सेंटर




**कैलारस।** प्रशासन के आदेश के बाद भी कैलारस नगर मैं अनेकों कोचिंग धडल्ले से संचालित हो रही हैं। ये कोचिंग संचालक सरेआम प्रशासन के आदेश ठेंगा दिखा रहे हैं। यदि इन कोचिंग का निरीक्षण किया जाए तो सुबह 6 बजे यह कोचिंग संचालित देखी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि जिले के मुखिया के आदेश के बाद भी कोचिंग संचालकों ने अपनी कोचिंग बंद नहीं की है, खास बात यह कि कोचिंग चालाक शासन का आदेश मानने को तैयार नहीं है। प्रशासन के आदेश को अनदेखा कर चलाई जा रही कोचिंग में सरकारी शिक्षक भी सम्मिलित हैं। इन कोचिंग संस्थानों पर खास यह देखने को मिला कि शिक्षकों द्वारा किसी भी प्रकार से कोविड गाईड लाईन का पालन नहीं किया जा रहा था। एक ही कमरे में सैकड़ों की संख्या में बच्चे देखे जा सकते हैं। विदित हो कि हाल ही में कैलारस नगर में 5 छात्र पॉजिटिव हो चुके हैं। यदि समय रहते प्रशासन ने इन कोचिंग संचालकों पर सख्ती नहीं बरती तो नगर में कोविड संक्रमितों की संख्या में भारी इजाफा हो सकता हैं।

### इनका कहना है......

वैसे तो नगर की सभी कोचिंगो के बंद के आदेश किए गए हैं यदि उसके बाद भी कोचिंग खुल रही है तो सुबह जांच करवाता हूं।

**जयवीर सिंह जादौन,** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कैलारस



## बच्चों का वैक्सीनेशन 12 जनवरी तक शत-प्रतिशत पूर्ण करायें: कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि 15 से 18 वर्ष तक के शेष बच्चों का वैक्सीनेशन 12 जनवरी तक शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। इसके लिये समग्र पोर्टल का सहारा ले सकते है। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर में अधिकतम बच्चों की संख्या ज्यादा दिख रही है। इसलिये शासन की गाइडलाइन के अनुसार इन बच्चों का टीकाकरण 12 जनवरी तक पूर्ण किया जाये। जिले में जो बच्चे अप्रवेशीय है, उन्हें 50 घर या 100 व्यक्तियों का एक कर्मचारी को लक्ष्य मानकर घर-घर भेंजे और उन्हें वैक्सीनेशन करायें। जो बच्चे पढने के लिये शहर या रोजगार की तलाश में माता-पिता के साथ गांव या शहर से बाहर चले गये है, उनकी सूची बनाकर जिला कार्यालय को उपलब्ध करायें। जिससे डीओ के माध्यम से उस जिले को नाम सहित सूची भेजी जाये। कलेक्टर ने कहा कि अधिकतर मुरैना के बच्चे कोटा, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर में अध्ययन के लिये गये हुये होंगे, उनकी सूची बनाकर तत्काल उपलब्ध करायें। जिससे उनको वहां पर वैक्सीनेशन कराया जा सके।

## अमानक उर्वरकों के विक्रय एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध

**मुरैना।** अमानक पाये गये उर्वरक के लॅाट का जिले में भण्डारण, विक्रय एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अनंत बिहारी सड़ैया ने लगाया है। श्री सड़ैया ने जारी प्रतिबंधित आदेश में कहा है कि निर्माता कंपनी खेतान का उर्वरक डीएमओ गोदाम अम्बाह से विक्रय किया जा रहा था।

# पुलिस आरक्षक ने पत्नी की गोली मारकर की हत्या, बंदूक लेकर पहुंचा थाने

**मुरैना।** पुलिस लाइन में पदस्थ बीती रात एक आरक्षक ने गोली मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। यह घटना गणेशपुरा इलाके में पुलिस लाइन के सरकारी आवास मैं हुई है। पुलिस अधिकारी द्वारा बताया गया कि आरोपी आरक्षक को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के पीछे पति-पत्नी का आपसी विवाद बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में पदस्थ 38 वर्षीय आरक्षक हनीफ खान सोमवार रात 12 बजे के करीब घर पहुंचा। इस दौरान उसका विवाद पत्नी चांदनी बानो से हो गया। यह विवाद इतना बढा कि आरक्षक ने गुस्से में आकर सरकारी एसएलआर राइफल निकाल ली और पत्नी को गोली मार दी। राइफल की गोली से 45 साल की चांदनी बानो मौके पर ही ढेर हो गई। फायरिंग की आवाज से पूरी पुलिस लाइन परिसर में हडकंप मच गया। पडोस में रहने वाले पुलिसकर्मियों ने जाकर देखा तो हनीफ खान राइफल लेकर खडा था और फर्श पर उसकी पत्नी का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। मूल रूप से कैलारस कस्बे के निवासी आरक्षक हनीफ खान और उसकी पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था, इसी कारण हनीफ खान के बच्चे नाना-नानी के पास ग्वालियर के कंपू में रहते हैं। बताया जा रहा है बीती रात जब आरक्षक ने अपनी पत्नी को गोली मारी, उसके बाद वह राइफल लेकर खुद थाने में पहुंच गया और अपना जुर्म कबूल किया। कोतवाली थाना पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और मृतिका के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, वहीं इस घटना से पूरी पुलिस लाइन परिसर में चर्चाओं का बाजार गर्म है।



# जाफराबाद में दूध डेयरी पर छापा, 450 लीटर सिंथेटिक दूध कराया नष्ट, अन्य सामग्री बरामद



**मुरैना।** मंगलवार की दोपहर खाद्य औषधि निरीक्षक की टीम ने जोरा रोड स्थित जाफराबाद गांव में मिलावटी कारोबार करने वाले डेयरी संचालक के यहां छापा मारा और 450 लीटर सिंथेटिक दूध जप्त कर वहीं नष्ट करा दिया, साथ ही मौके से रिफाइंड एवं आरएम कैमीकल व पाउडर जप्त किया गया। खाद्य औषधि निरीक्षक डीके जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सूचना मिली कि जाफराबाद में देवेंद्र यादव द्वारा डेयरी संचालित की जा रही है, जिस पर मिलावटी कारोबार चल रहा है। उक्त सूचना पर उनकी टीम ने मौके पर छापा मारा तो 450 लीटर सिंथेटिक दूध बरामद हुआ, जिसे वहीं पर नष्ट करा दिया गया। इसके अलावा टीम ने 20 किलो माल्टो डेस्ट्रिन पाउडर, 12 लीटर आर एम केमिकल खुला हुआ, 4 किलो लिक्विड डिटर्जेंट की कैन एवं 25 लीटर हाइड्रोजन पेराक्साइड के अलावा रिफाइंड की खाली 35 टीन बरामद की हैं। निरीक्षक द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# महिला मोर्चा ने पीएम मोदी के समर्थन में भारत विद स्टैंड मोदी हस्ताक्षर अभियान चलाया



**मुरैना।** पंजाब के फिरोजपुर रोड पर प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक के विरोध में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना डण्डोतिया ने भारत विद स्टैंड मोदी हस्ताक्षर अभियान चलाया। शहर के ओवर ब्रिज तिराहे पर टैंट लगाकर महिला मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से मोदी के समर्थन में हस्ताक्षर कराए। जिसमें मोदी द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आम लोगो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए धारा 370 हटाने, राममंदिर निर्माण, तीन तलाक, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक सहित अन्य ऐतिहासिक कामों का जिक्र किया। वहीं ऐसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक के लिए पंजाब की कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र तिवारी, प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य रामनरेश शर्मा, जिला महामंत्री अरविंद सिकरवार, भावना जालौन, चारुकृष्ण दंडौतिया, जिला मंत्री इंद्रजीत यादव, रामबीर सिंह कंषाना, अरुण परमार, उमा राजपूत, गुड्डी खटीक, जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार, शीला वर्मा, ऊषा बांदिल, भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष सोनू शर्मा, तृप्ति कुलश्रेष्ठ, मीना गुर्जर, मीना भदौरिया, नीता बांदिल, माला सिंह, राधा सिकरवार, बिट्टी खटीक, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष यदुप्रताप सिंह तोमर, रेनू शर्मा, गुड्डी राठौर, क्षमा कौशिक, कृष्णा शर्मा, जानकी, राकेश खटीक सहित कई भाजपा नेता और कर्तकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में मुरैना के राहुल ने जीता गोल्ड मेडल



**मुरैना।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में गत दिवस हुई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में मुरैना के राहुल तोमर ने गोल्ड मेडल जीतकर चंबल का नाम रोशन कर दिया, उनकी जीत पर मुरैना जिले के लोगों में हर्ष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार आगरा मंडल द्वारा आयोजित मिस्टर नॉर्थ इंडिया किताब एवं मिस्टर उत्तर प्रदेश खिताब को लेकर हुए बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में राहुल तोमर ने गोल्ड मेडल जीता। श्री तोमर पूर्व में भी मिस्टर मुरैना और मिस्टर चंबल का खिताब जीत चुके हैं। श्री तोमर ने इस खिताब के लिए काफी कड़ी मेहनत की और स्व संचालित एनर्जी फिटनेस जिम में वह लगातार इसकी तैयारी करते रहे, उनकी इस सफलता पर चंबल के लोगों ने हर्ष जताया है।

# प्रकृति की पाठशाला में विद्यार्थियों ने सीखा प्राकृतिक धरोहर का महत्व



**मुरैना।** वन परिक्षेत्र अंबाह द्वारा शासकीय विद्यालय के 120 बच्चों को अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत ककनमठ ले जाया गया, जो कि अपने आप में एक अद्भुत पुरातत्व धरोहर है। ऐसी मान्यता है कि इस अद्भुत इमारत की रचना भूत व जिन्न द्वारा की गई है। इस मान्यता के पीछे मूल कारण यह है कि यहां विशेष रूप से व्यवस्थित पत्थरों की संरचना सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। वास्तव में यह पुरातत्व कालीन शिव मंदिर है।

ककनमठ मंदिर के साथ-साथ बच्चों ने लगभग एक सैकड़ा आयु के बरगद वृक्ष को देखा जो कि अपने आप में एक विशेष महत्व रखता है। साथ ही जीवित पीपल के वृक्ष पर दीमक का अवलोकन भी बच्चों को कराया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में अंबाह रेंज के रेंजर दीपांकर ने बहुत ही उत्साह के साथ बच्चों के साथ वन संबंधी जानकारियों को सांझा किया और पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए भागीदारी की। इसी के साथ मास्टर ट्रेनर अनुराधा गुप्ता ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के वृक्षों के बारे में जानकारी दी तथा बरगद और पीपल के विषय में पौराणिक एवं वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी और प्रकृति के बीच कुछ छोटी-छोटी एक्टिविटी करवा कर उन्हें प्रकृति की अनुभूति कराने का प्रयास किया।

# प्रधानमंत्री आवास पाकर श्रीमती पुष्पा का सपना हुआ साकार

## मुख्यमंत्री ने आवास मिलने पर भेजा बधाई संदेश



**मुरैना।** जौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत बरहाना की श्रीमती पुष्पा पत्नी रामदीन को आवास मिलने की खुशी तो थी किंतु मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें बधाई संदेश भेजा तो वही खुशी दुगनी हो गई। खुशी के मारे श्रीमती पुष्पा बाई कहने लगीं कि अब आवास की चिंता हुई मुक्त बच्चों की पढ़ाई लिखाई, शादी विवाह के लिये करूंगी इंतजाम।

प्रधानमंत्री आवास मिलना बीपीएल परिवार के लोगों की तमन्ना होती है किंतु इसके लिये शासन की गाइडलाइन वर्ष 2011 की सर्वे सूची में चिन्हित किये गये लोगों को आवास दिये जाते हैं। ग्राम पंचायत बरहाना की ग्राम सभा में सर्वे सूची 2011 के आधार पर श्रीमती पुष्पा पत्नी रामदीन का चयन किया गया, जिसमें आवास निर्माण के लिये 1 लाख 20 हजार, 1 लाख 30 हजार स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय निर्माण के लिये पात्रता अनुसार 12 हजार रूपये और मनरेगा के तहत श्रमदान के तौर पर 18 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान के साथ साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी परिवार को दिया जाता है जिससे परिवार का सर्वांगीण विकास हो सके।

श्रीमती पुष्पा पत्नी रामदीन को जब आवास स्वीकृत हुआ तो पति पत्नि ने मनरेगा के तहत अपने ही मकान में मजदूरी की जिसका पैसा उन्हें अतिरिक्त प्राप्त हुआ और उसे आवास बनने के बाद उसका सपना पूरा हुआ। जिला पंचायत के माध्यम से श्रीमती पुष्पा पत्नी रामदीन का नाम मुख्यमंत्री सचिवालय भेजा गया जहां से मुख्यमंत्री द्वारा आवासहीन गरीब परिवारों के लिये संदेश में बताया कि घर वह उपहार है जिससे न केवल जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होती है अपितु उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। आवासयुक्त परिवार गरीबी के बंधन से मुक्त होकर जीवन में सफलता के मार्ग पर बढ़ने में सक्षम हो जाता है तथा बच्चों की पढ़ाई तथा उनके सफल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त होता है इस प्रकार की आप सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मिलने की बहुत बहुत बधाई। मैं आशा करता हूं कि आप अपने नवीन आवास में हर्ष एवं आनंद के साथ निवास कर रहे होंगे। श्रीमती पुष्पा पत्नी रामदीन के जीवन में दो खुशियां एक साथ प्राप्त हुईं तो उनका कद भी गांव में बढ़ने लगा और मन ही मन सोचने लगीं कि प्रधानमंत्री आवास तो मिला है साथ ही मुख्यमंत्री ने भी प्रशंसा पत्र देकर हमें गौरवान्वित किया है हम मुख्यमंत्री के आभारी रहेंगे।

## चूक का सच

पंजाब में पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई है। केस की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जो कारण बताओ नोटिस डीजी और पंजाब के चीफ सेक्रेटरी को भेजा गया था। अब तक केंद्र सरकार की ओर से तय समिति की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि यह बात सही है कि सुरक्षा में चूक हुई है। खुद पंजाब सरकार ने इस बात को स्वीकार किया है। लेकिन सवाल यह है कि यदि जांच कमेटी गठत की जाए तो वह क्या करेगी। बता दें कि 5 जनवरी को प्रधानमंत्री का काफिला 15 से 20 मिनट तक इसलिए रुका रहा कि किसान आंदोलनकारियों ने रास्ता रोक रखा था। आखिरकार उन्हें वापस लौटना पड़ा। पंजाब के फिरोजपुर में उनका तय कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। यह निस्संदेह प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर बड़ी चूक है। हालांकि प्रधानमंत्री के उस सड़क से होकर गुजरने की सूचना पंजाब पुलिस को पहले ही दे दी गई थी, फिर भी अगर किसान आंदोलनकारियों को वहां से नहीं हटाया जा सका, तो इससे पुलिस की भारी लापरवाही जाहिर होती है। हुआ यह था कि प्रधानमंत्री को बठिंडा से फिरोजपुर के हुसैनीवाला राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाना था। यह यात्रा पहले उन्हें हेलीकॉप्टर से करनी थी, मगर मौसम खराब होने और दृश्यता कम होने के कारण हेलीकॉप्टर के बजाय उन्हें सड़क मार्ग से ले जाने का आकस्मिक कार्यक्रम तय कर दिया गया। उन्हें बठिंडा से फिरोजपुर तक पहुंचने में दो घंटे लगने थे। इसके बारे में पंजाब पुलिस को सूचित कर दिया गया। यों पहले से वहां की पुलिस को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी दे दी गई थी, जिसके अनुसार उसे सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था रखनी थी, मगर वह नहीं की गई। आमतौर पर प्रधानमंत्री के दौरों के वक्त पहले से सड़कों के किनारे पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाते हैं। इसलिए इस घटना को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। इस घटना को भाजपा साजिश करार दे रही है। खुद प्रधानमंत्री ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए संदेश लिखा। यह समझ से परे है कि पंजाब पुलिस और खुफिया विभाग को उस रास्ते की स्थिति की जानकारी कैसे नहीं थी, जिससे होकर प्रधानमंत्री का काफिला गुजरना था। अगर उस सड़क पर किसान पहले से धरना दे रहे थे, तो उन्हें हटाया क्यों नहीं गया। क्या उन्हें वहां से हटाना इतना मुश्किल काम था। अगर मुश्किल काम था, तो प्रधानमंत्री के काफिले की सुरक्षा संभाल रहे कर्मियों को इसकी सूचना समय रहते क्यों नहीं दी गई, ताकि दूसरा कोई सुरक्षित रास्ता चुना जा सके। अगर किसान वहां पहले से मौजूद नहीं थे, तो फिर उन्हें अचानक इसकी सूचना कैसे मिल गई कि प्रधानमंत्री उधर से होकर गुजरने वाले हैं और वे इतने कम समय में इतनी बड़ी तादाद में जमा कैसे हो गए। पंजाब पुलिस का किसान आंदोलनकारियों के प्रति नरम रवैया समझ में आता है, मगर प्रधानमंत्री की सुरक्षा को ताक पर रख यह नरमी बरतना किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी सख्त नियम-कायदे हैं। किसी राज्य में बेशक किसी भी दल की सरकार हो, पर वह प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरत सकती। हालांकि प्रधानमंत्री के सुरक्षा घेरे में शामिल अधिकारियों को पल-पल की सूचनाएं मिलती रहती हैं और वे अपने दम पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त होते हैं, पर वे भी बिना राज्य पुलिस की मदद के आगे नहीं बढ़ सकते। इस मामले में सरकारों के दलगत या वैचारिक आग्रह आडें नहीं आने चाहिए।

# युवा शक्ति के प्रेरणा पुंज स्वामी विवेकानंद

**(राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष)**
**डॉ. अशोक कुमार भार्गव**

भारतीय नवजागरण के अग्रदूत, भारतीय सभ्यता संस्कृति धर्म और अध्यात्म की अनमोल विरासत को विश्व पटल पर सम्मानित करने वाले महान चिंतक स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति के सर्वाधिक प्रेरक पुंज और अनुकरणीय आदर्श हैं। 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता् में जन्में विवेकानंद जिनका बचपन का नाम नरेन्द्र नाथ था, जिन्हें विश्व धर्म सम्मेलन में सम्मिलित होने के पूर्व खेतड़ी के नरेश ने विवेकानंद का नाम दिया था, उन्होंने सनातन हिन्दू धर्म के सच्चे व वास्तविक स्वरूप को उसकी पवित्रता और शुचिता को दुनिया के सामने प्रखरता के साथ प्रस्तत किया और इस विश्वास को सुदृढ़ बनाया कि आत्मोन्नति और कल्याण की दृष्टि से सनातन हिन्दु धर्म से बढ़कर धार्मिक सिद्धांत विश्व में कहीं भी अस्तितत्व में नहीं है। वे ईश्वर से साक्षात्कार करने की तीव्र जिज्ञासा में दक्षिणेश्वर मंदिर पहुंचे जहां काली माता से उन्होंने अपने लिए विवेक, वैराग्य और भक्ति का वरदान मांगा। जनसेवा के लिए सन्यास धारण किया। देश की दशा का अनुभव कर देशोद्धार का संकल्प लिया।

स्वामी विवेकानंद की भारत की युवा पीढ़ी में गहन आस्था थी और वे स्वयं भी युवा थे उन्होंने उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए के उदघोष से राष्ट्र की युवा पीढ़ी में नई चेतना, नई शक्ति, नई ऊर्जा और अद्भुत आत्मविश्वास का संचार किया। मेरी मान्यता है कि निसंदेह युवा शक्ति हमारे राष्ट्र की समाज की अमूल्य संपदा है। वह हमारे राष्ट्र का प्राणतत्व भी है। युवा ही हमारी गति, स्फूर्ति, चेतना, प्रज्ञा और राष्ट?का ओज है। वह हमारे देश के भावी कर्णधार और देश की आशाओं, आकांक्षाओं के सुमन है। युवा शक्ति क्या है? कठोपनिषद में उत्तर दिया है ÷जिनकी ऊर्जा अक्षुण्ण है, जिनका यश अक्षय है, जिनका जीवन अंतहीन है, जिनका पराक्रम अपराजेय है, जिनकी आस्था अडिग है और संकल्प अटल है वही युवा है। जो अपनी शक्ति सामर्थ्य और साहस से पराक्रम और प्रताप से राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का दायित्व सहर्ष स्वीकारता है वही युवा है। युवा होने का अर्थ सिर्फ उम्र से ही नहीं होता वरन उसके स्वतंत्र हौसले और चिंतन से भी होता है। यदि 25 वर्ष का युवा अपनी आंखों में महत्वाकांक्षाओं के सुनहरे सपने नहीं देखता, उसके हाथों में आसमान को छूने का हौसला नहीं होता, उसके पैरों में संपूर्ण धरा को नापने का उत्साह नहीं होता, अनीति, अनाचार, अन्याय और शोषण के विरुद्ध उसकी धमनियों और शिराओं में बगावत का लहू नहीं उबलता, जो पीड़ितों के दुख दर्द को देखकर व्यथित नहीं होता बेचैन नहीं होता वह कैसे युवा हो सकता है?

स्वामी जी भली भांति जानते थे कि हमारे शक्तिमान बुद्धिमान पवित्र और निस्वार्थ युवा ही भारत के खोए हुए आत्म सम्मान और आत्म गौरव को पुनर्स्थापित कर सकते हैं। युवा ही भारत और संपूर्ण संसार का उत्थान कर सकते हैं। इस हेतु उन्होंने अपने उपदेशों और प्रेरणादायी उद्बोधनों में राष्ट्र की तरुणाई को युवा पीढ़ी को प्रेरित और प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को इस समय कठिन परिश्रम करना होगा। अब सोने का समय नहीं है। हमारे कार्यों पर भारत का भविष्य निर्भर है। भारत माता तत्परता से प्रतीक्षा कर रही है। वह केवल सो रही है उसे जगाइए और पहले की अपेक्षा और भी गौरव मंडित और शक्तिशाली बनाकर भक्ति भाव से उसके चिरंतन सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर दीजिए। स्वामी विवेकानंद ने धर्म की श्रेष्ठता को स्थापित करते हुए युवा पीढ़ी को वेदांत का उपदेश देकर धर्म की महत्ता से परिचित कराया। उन्होंने जिस धर्म की व्याख्या की वह वास्तव में सत्य की नैसर्गिक की व्याख्या ही है। उनका धर्म जाति और वर्ण में बंटा संकुचित धर्म नहीं है अपितु संपूर्ण विश्व के मौलिक जीवन का सत्य है। यदि कोई सत्य किसी सत्य को काटता है तो वह सत्य हो ही नहीं सकता। सत्य धर्म ही हमारी उन्नति हमारे कल्याण और मानव शांति का एकमात्र विकल्प है क्योंकि धर्म के बिना हम अस्तित्व हीन हो जाते हैं।

स्वामी जी ने मद्रास में दिए गए एक प्रसिद्ध भाषण में युवा पीढ़ी को दृढ़  इच्छाशक्ति के साथ धर्म के प्रचार प्रसार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मेरा विचार है कि मैं भारत में कुछ ऐसे शिक्षालय स्थापित करूं जहां हमारे नवयुवक अपने शास्त्रों के ज्ञान में शिक्षित होकर भारत तथा भारत के बाहर धर्म का प्रचार कर सकें। अपनी विशुद्ध दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर युवा इस संसार का कायाकल्प कर सकते हैं। उन्होंने युवकों का आह्वान करते हुए कहा कि देश राष्ट्रीय जीवन रूपी जहाज है अतः तुम्हारा यह कर्तव्य है कि यदि इस जहाज में छेद हो जाएं तो उन्हें अपनी सारी शक्ति लगाकर बंद कर दें। यदि हम ऐसा न कर सके तो हमारा मर जाना ही उचित होगा। संसार के कल्याण के लिए ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा कि युवकों को ज्ञान के प्रकाश का विस्तार करना चाहिए। यह रोशनी प्रत्येक व्यक्ति के द्वार तक ऊंच नीच का भेदभाव किए बिना पहुँचनी चाहिए। गरीबों में ज्ञान का विस्तार करो। धनाढ्यों पर और अधिक प्रकाश डालो क्योंकि दरिद्रों की अपेक्षा धनियों को अधिक प्रकाश की आवश्यकता है। अपढ़ लोगों को भी प्रकाश दिखलाओ। शिक्षित मनुष्यों के लिए और अधिक प्रकाश चाहिए क्योंकि आजकल शिक्षा का मिथ्याभिमान नितांत वैयक्तिक स्वार्थ को निर्मित कर रहा है।

वास्तव में स्वामी जी का दृष्टिकोण बहुत व्यापक, उदार और आधुनिक था। इसलिए समन्वय उनके चिंतन का वैशिष्ट है। वे भारत की स्थापित मान्यताओं धर्म और मानव सेवा की परंपराओं के साथ आधुनिकता के समन्वय को महत्वपूर्ण मानते थे। वे चाहते थे कि भारतीय युवा पश्चिम से तकनीक और प्रौद्योगिकी का ज्ञान तो प्राप्त करें परंतु बदले में उन्हें भारतीय धर्म और दर्शन के उदात्त मूल्यों से परिचित भी कराएं। स्वामी जी से एक भेंट के दौरान महाराजा गायकवाड ने पूछा कि आप क्या चाहते हैं? कोई मंदिर, कोई मठ, कोई गुरुकुल, कोई वेधशाला तो स्वामी जी का उत्तर था % नहीं टेक्निकल स्कूल और इंजीनियरिंग कॉलेज।% उनका दृढ़ विश्वास था की संकीर्णता के दायरे से बाहर निकल अपने जीवन और ज्ञान का विस्तार करके ही हम संसार पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए प्राचीन और आधुनिक ज्ञान के उचित समन्वय से ही मानवीय कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। स्वामी जी की परिकल्पना का समाज धर्म या जाति के आधार पर बंटा हुआ, मानव, मानव में भेद करने वाला नहीं है वरन् वह समता के सिद्धांत पर आधारित है जहां प्रत्येक भारतीय को भोजन और जीवन जीने की अन्य मूलभूत आवश्यकताएं यथाशीघ्र ही सहजता से उपलब्ध कराई जा सके। भारत की दरिद्रता उनके हृदय को व्यथित कर देती थी। पीड़ित कर देती थी। वे मानते थे कि औपनिवेशिक भारत में निम्न स्तर पर जीवन यापन करने वाले लोगों ने अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना छोड़ दिया था इसलिए स्वामी जी ने वेदांत में शिक्षित आत्मा के देवत्व के सिद्धांत के आधार पर सबसे पहले उन्हें अपने आप पर विश्वास करने का मंत्र दिया। वे चाहते थे कि लोगों के अंदर तर्क बुद्धि सृजित हो विवेक की शक्ति जागृत हो ताकि वे हर बात पर उचित ढंग से सोच सकें और अपने भाग्य विधाता स्वयं बन सकें। उन्होंने भारतीय समाज के कल्याण के लिए आत्मोत्थान को मूल तत्व के रूप में स्वीकारते हुए कहा कि हम जो बोते हैं वही काटते हैं। हम स्वयं अपने भाग्य के विधाता हैं। हवा बह रही है वह जहाज जिनके पाल खुले हैं इससे टकराते हैं और अपनी दिशा में आगे बढ़ते हैं पर जिनके पाल बंधे हैं हवा को नहीं पकड़ पाते। क्या यह हवा की गलती है? हम खुद अपना भाग्य बनाते हैं।

वेदांत दर्शन के मर्म को गहराई से समझने वाले स्वामी जी ने युवकों को 'आत्म दीपो भव' की शिक्षा दी। वे चाहते थे कि हमारे युवा महत्वाकांक्षी बने।

## सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है?

## अद्वितीय छवि के दूत थे स्वामी विवेकानन्द

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

विवेकानंद का तात्पर्य खुशी से है। विवेक+आनंद अर्थात विवेकानंद। विवेक का सम्बन्ध ज्ञान से है। आनंद का सम्बन्ध सुख और दुःख से परे है। जो व्यक्ति सुख और दुःख दोनों स्थितियों में समभाव (एक सामान) रहता है वही आनंदित है। खुश वह है जो आनंदित है। कर्म का सम्बन्ध विद्वता से है। कर्म, ज्ञान प्राप्ति के लिए होना चाहिए। ज्ञान समता का मूलक है। अज्ञानता विषमता का मूलक है। कहने का तातपर्य ज्ञानी व्यक्ति आनंदित है। यहां ज्ञान का तात्पर्य आध्यात्मिक ज्ञान से है। सुख, शांति का प्रतीक है। दुःख, अशांति का प्रतीक है। शांति और अशांति के बीच तारतम्यता बैठा लेना ही आनंद है। गौतम बुद्ध ने कहा था- वीणा के तार को उतना भी मत कसो की वह टूट जाए और इतना ढीला भी मत रखो की उससे सुर ही न निकले। कहने का तातपर्य यह है कि सुख में बहुत ज्यादा सुखी न होना और दुःख में बहुत ज्यादा दुखी न होना। जीवन में वीणा (वाद्य यन्त्र) के तार की भाँती संतुलन बनाए रखना ही असली आनंद है। जो आनंदित है वही खुश है। जो खुश है वही संतुष्ट है। संतुष्टि ,सफलता का द्योतक है। स्वामी विवेकानन्द का कहना था कि सर्वश्रेष्ठ विचारक गौतम बुद्ध ही थे। गौतम बुद्ध की छवि स्वामी विवेकानन्द में झलकती थी। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि भगवान श्रीकृष्ण के बाद बुद्ध ही हैं जो वास्तव में कर्मयोगी हैं। वे भारत के लोगों को बुद्ध की तरह कर्मयोगी बनाना चाहते थे, इसलिए बार-बार इस बात पर बल देते रहे कि हमें बुद्ध की तरह ही बनना चाहिए। सनातन संस्कृति के संदेश वाहक स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी 1863 ई. कलकत्ता में पवित्र मकर संक्रांति के दिन हुआ था। भारत में प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद की



जयंती पर मनाया जाता है। इस वर्ष 2022 में विवेकानन्द जी की 159 वी जयंती है। वर्ष 1984 में, भारत सरकार ने 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया। 1985 से भारत में, इस कार्यक्रम को प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। यह भारत के युवाओं को प्रेरित करता है। स्वामी विवेकानन्द में अदम्य साहस था। स्वामी विवेकानन्द के बचपन का नाम नरेंद्र नाथ था। नरेंद्र नाथ विचारशील थे। 15 अगस्त 1886 ई. की मध्य रात्रि को श्री रामकृष्ण परमहंस समाधि में लीन हो गए। रामकृष्ण परमहंस, नरेंद्र नाथ (विवेकानंद) के गुरु थे। रामकृष्ण द्वारा सौंपे गए कार्य को निभाने का उत्तरदायित्व नरेंद्र नाथ पर आ पड़ा। नरेंद्र नाथ 25 वर्ष की आयु में परिव्रज्या ग्रहण कर वह समग्र भारत की यात्रा पर निकल पड़े। नरेंद्र नाथ अब स्वामी विवेकानन्द के नाम से प्रसिद्ध हो गए। स्वामी विवेकानंद सदैव यही आग्रह किया करते थे कि यदि हमें इस देश की समस्या का सही निदान ढूढ़ना है तो सर्वप्रथम इस देश को देखना होगा। विवेकानंद ने भारत यात्रा में भारतीय जनता का वास्तविक रूप देखा। भारत माता के इस स्वरुप को देखकर उन्होंने भारतीय युवकों को सन्देश दिया - आगामी 50 वर्षों तक तुम लोग अपनी जननी जन्म भूमि की अराधना करो और इस समय तुम्हारा एक मात्रा देवता है तुम्हारा राष्ट्र। किसी भी देश का युवा उस देश के विकास का सशक्त आधार होता है। जब यही युवा अपने सामाजिक और राजनैतिक जिम्मेदारियों को भूलकर विलासिता के कार्यों में अपना समय नष्ट करता है, तब देश बर्बादी की ओर अग्रसर होने लगता है। आज के युवा वर्ग में देश का भविष्य निहित है। अतएव आज के युवा वर्ग को अपने जीवन का एक उद्देश्य ढूँढ लेना चाहिए। हमें ऐसा प्रयास करना होगा ताकि युवाओं के भीतर जगी हुई प्रेरणा तथा उत्साह ठीक पथ पर संचालित हो। पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। वर्ष 2014 तक हमारे देश की सरकार 13 से 35 साल तक के लोगों को युवा मानती थी। वर्ष 2014 में नेशनल यूथ पॉलिसी आई और युवा की परिभाषा बदल गई। अगर आप भारत में रहते हैं और आपकी उम्र 15 से 30 साल के बीच है तो आप युवा हैं। 15 साल से ज्यादा और 30 साल से कम उम्र के ही लोग सरकारी रिकॉर्ड में युवा माने जाते हैं। इस लिहाज से देश में 37 करोड़ युवा हैं। भारत की कुल जनसँख्या लगभग 139 करोड़ है। हमारे देश में अथाह श्रमशक्ति उपलब्ध है। आवश्यकता है आज हमारे देश की युवा शक्ति को उचित मार्ग दर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की।

# युवाओं की राष्ट्र निर्माण में प्रमुख भूमिका

### सूडोकु नवताल- 5950

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5949 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**डॉ. निशा शर्मा**

राष्ट्र के विकास में युवाओं का महत्वपूर्ण स्थान है किसी भी राष्ट्र की रीढ़ वहां की युवा शक्ति होती है। युवाओं के विचारों की हवा ही राष्ट्र की विजय पताका की दिशा निर्धारित करती है। संसार हमारे राष्ट्र का बहुत ही ऋणी है ,यदि भिन्न-भिन्न जातियों की तुलना की जाए तो हमें मालूम होगा कि यह संसार हिंदुस्तान का जितना ऋणी है उतना और किसी का नहीं । रोम, ग्रीस की सभ्यताएं भी जब अस्तित्व में नहीं थी , यूरोपियन के पूर्वज जब जर्मनी के घने जंगलों में छिपे रहते थे तब भी भारतवासी कितने क्रियाशील थे इस बात का प्रमाण हमारा इतिहास हमें देता है जिसका विचार करने पर स्वतः ही मन में स्फूर्ति और स्वयं को हम गौरवान्वित महसूस करने लगते हैं ऐसे में एकाएक राष्ट्रप्रेम में लीन होकर यदि हम भारत माता की जय का उदघोष कर दें तो ये कोई आश्चर्यजनक बात नहीं होगी । सहारनपुर के एहसान राव के मन में जब राष्ट्रप्रेम की इसी भावना का जागरण हुआ तो उन्होंने एक राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक पार्टी में एकाएक भारत माता की जय का उदघोष कर दिया। जिस पर उनका वीडियो बना किसी ने वायरल कर दिया । राजनीतिक पार्टी अथवा धर्म विशेष से नफरत की आग में सुलग रहे कुछ विशेष धर्म गुरुओं की तरफ से उन्हें चेतावनी दे दी गई और जान से मारे जाने की धमकी मिली सो अलग । क्या मात्र भारत माता की जय पर इन सभी लोगों को एतराज है ? या फिर दूषित मानसिकता के धनी हैं यह सभी लोग जो मात्र राष्ट्र विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करते हैं।

**भारतीय युवा गीतकार एवं कवि मनोज मुंतशिर का लिखा यह गीत ÷तेरी मिट्टी में मिल जावा गुल बन के मैं खिल जावा:** न जाने कितने राष्ट्र प्रेमियों के कानों में गूंजा होगा परंतु इन पंक्तियों को अपने जीवन में उतारकर सार्थक कर गए भारतीय सेना प्रमुख विपिन रावत जी।भारतीय सेना में जनरल बिपिन रावत समेत सभी सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया । जीते जी जनरल रावत राष्ट्र के प्रति अद्भुत समर्पण की मिसाल तो बने ही , उनकी मृत्यु भी देश के युवाओं के मन में राष्ट्रभक्ति की लौ प्रज्वालित कर गई और देखते ही देखते देश के प्रत्येक प्रांत से उनको श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया । इसी प्रकार हाल ही में पंजाब सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर देशवासियों के मन में क्रोध का एक लावा उबलते संपूर्ण देश ने देखा । संपूर्ण भारतवर्ष में उनकी सलामती की के लिए पूजा , अर्चना , प्रार्थनाएं की जाने लगी उपरोक्त घटनाओं को दृष्टिगत रखकर यदि हम युवाओं की प्रतिक्रिया पर विचार करें तो युवाओं की प्रतिक्रिया किसी विशेष राजनीतिक स्वार्थ की दृष्टि से नहीं अपितु राष्ट्र के प्रति संवेदनशील भावना के कारण हम सभी के मध्य उजागर हुई परंतु इसके साथ ही हम सभी ने एक ऐसे समूह के दर्शन भी किए जिसने जहां जनरल की शहादत पर खुशियां मनाई तो वही पीएम मोदी की सुरक्षा चूक के मामले पर प्रधानमंत्री पर कटाक्ष भी किया। इतना ही नहीं अपनी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा भी लिया हालांकि बाद में जनरल रावत प्रकरण पर सरकार ने इन पर कड़ी कार्यवाही भी की परंतु विचारणीय प्रश्न यह है कि यह जो प्रतिपक्ष समूह समाज के समक्ष राष्ट्र विरोधियों के रूप में उभर कर आ रहे हैं उनके विचारों को आखिर पल्लवित और पोषित कौन कर रहा है जिसके कारण युवाओं में राष्ट्र के प्रति सोचने और समझने की क्षमता क्षीण होती जा रही है । विपिन रावत किसी विशेष धर्म ,जाति ,अथवा पार्टी से नहीं थे क्योंकि राष्ट्रीयता का धर्म अपना लेने के बाद कुछ भी शेष नहीं रहता । भारतीय सेना सम्पूर्ण भारतवर्ष की है परंतु उनकी शहादत पर खुशियां मना कर राष्ट्र की अवहेलना करना एक महान राष्ट्रीय पाप है। इसी प्रकार नरेंद्र मोदी भी प्रधानमंत्री संपूर्ण देश के हैं उनकी सुरक्षा में हुई चूक पर चुटकी लेने का अधिकार विपक्ष तक को नहीं है। नरेंद्र मोदी किसी विशेष पार्टी से हो सकते हैं परंतु प्रधानमंत्री हम सभी के हैं, इस प्रबल भावना के साथ ही हम सभी को एक साथ आगे आना होगा। समाज में जो लोग इन युवाओं के विचारों को दूषित करने का घिनोना कृत्य कर रहे हैं हमें उनकी पहचान करने के साथ ही उनको रोकना होगा । मन, वाणी और कर्म यदि एक को हो तो मुट्ठी भर लोग ही लक्ष्य प्राप्ति कर सकते हैं। हम सभी का लक्ष्य एक ही है अतः हम सभी को एक होकर आगे आना होगा और शत्रु बोध कर उनको रोकना होगा जो हमारे समाज को खोखला करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

## कोविड काल में कोरोना गाइड लाइन के साथ चुनाव घोषणा

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

देश के हर कोने से फिर से कोरोना बढ़ने की खबर आ रही है, इस कोविड काल में मुख्य चुनाव आयुक्त सुषोल चंद्रा ने कोविड गाइड पालना के साथ पंजाब, मणिपुर, गोवा, उतराखंड एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव 7 चरणों में होने की घोषणा कर दी। जहां उत्तर प्रदेश की कुल 403 विधान सभा सीटों में से 14 जनवरी नामांकन के साथ 10 फरवरी को 58 सीटों के लिये प्रथम चरण, 21 जनवरी को नामांकन के साथ 55 सीटों के लिये 14 फरवरी को दूसरे चरण, 25 जनवरी को नामांकन के साथ 59 सीटों के लिये 20 फरवरी को तीसरे चरण, 27 जनवरी नामांकन के साथ 60 सीटों के लिये 23 फरवरी को चौथे चरण, 1 फरवरी नामांकन के साथ 60 सीटों के लिये 27 फरवरी को पांचवें चरण, 4 फरवरी नामांकन के साथ 57 सीटों के लिये 3 मार्च को छठे चरण एवं 10 फरवरी नामांकन के साथ 54 सीटों के लिये 7 मार्च को सातवें चरण तथा मणिपुर राज्य की 60 सीटों के लिये 27 फरवरी , 3 मार्च को दो चरणों में, उतराखंड की 70, पंजाब की 117 एवं गोवा की 40 सीटों के लिये 14 फरवरी को चुनाव होने की घोषणा की। इस प्रक्रिया में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कोविड काल को देखते हुये पहली बार 14 जनवरी तक चुनाव रैली, पद यात्रा, रथ यात्रा, साइकिल यात्रा, सड़क,नुक्कड़ आदि पर रैली आयोजन करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने एवं चुनाव उपरान्त विजय जुलूस पर पाबंदी के साथ 15 जनवरी को फिर से समीक्षा किये जाने की बात करते हुये हर एक से चुनाव दौरान कोरोना गाइड पालना के साथ डिजिटल चुनाव प्रचार करने की सलाह दी। चुनाव दौरान कोरोना का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिये चुनाव आयुक्त ने सभी पोलिंग बुथों को सैनेटाइज करने, डबल वैक्सीनेट कर्मचरियों को बुस्टर डोज लगाने के साथ चुनाव डयूटी पर लगाने एवं हर बुथ पर मास्क, ग्लॉब्स, सैनेटाइजर उपलबध कराने की व्यवस्था किये जाने की बात की। साथ ही कोरोना संक्रमितों के लिये पोस्टल बैलेट से मतदान में भाग लेने की पहली बार व्यवस्था की जा रही है। इस तरह चुनाव आयुक्त ने कोविड काल में चुनाव दौरान कोरोना गाइड लाइन की चर्चा कर जागरूकता का परिचय देते हुये चुनाव घोषणा का शखनाद किया। जिसका सभी राजनीतिक दलों ने स्वागत किया। कोविड काल में चुनाव घोषणा का स्वागत करते हुए कुछ ने इस काल में चुनाव टालने की सलाह भी दी । वासपा प्रमुख मायावती ने चुनाव आचार संहिता का पालन करने की वकालत करते हुये चुनाव घोषणा का स्वागत किया।

# विद्युत अव्यवस्था अविलंब सुधारें अन्यथा सड़कों पर होगा जनांदोलन : विवेक शर्मा

मेहगांव। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के चलते लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सुबह से ही बिजली की आंख मिचौली शुरु हो जाती है, जो दिन भर चलती है। रात में भी बिजली कटौती जारी रहने से लोगों की नींद हराम हो चुकी है। इसी विद्युत अव्यवस्था को लेकर आज आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता विवेक शर्मा ने मेहगांव एसडीएम बरुण अवस्थी के नाम एक ज्ञापन पत्र सौंपा। पत्र में उन्होंने बताया पिछले कई दिनों से मेहगांव की विद्युत सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह भंग है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रवासियों द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से सीधे कई बार शिकायत की गई। लेकिन इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। ऊपर से विभागीय कर्मचारियों द्वारा कभी भी बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। सप्लाई जाने के बाद दोबारा कब आएगी इसका भी कुछ पता नहीं चलता। बिजली कार्यालय फोन करने पर कोई फोन तक नहीं उठाता । अधिकारी जांच कराए जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते है। सप्लाई किन कारणों से बंद है यह जानकारी भी नहीं मिल पाती। विद्युत कटौती से लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय ऑफिसों, बैंको , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा पूरा सदर बाजार भी प्रभावित होता है। साथ ही दसवीं और बारहवीं कक्षाऔ के छात्रों की वार्षिक बोर्ड परीक्षा भी आने बली है। बिजली कटौती से छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, जो चिंतनीय विषय है।

गौरतलब यह है कि मेंहगाँव के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सप्लाई के नाम पर पुराने समय के वायर एवं पुरानी केबिलों एवं पुरानें ट्रांसफार्मरों का महज जाल भर है । जो कभी भी स्पार्किंग कर गर्म होकर टपक जाते है। फिर विद्युत विभाग का अपना मेंटीनेंस का खेल शुरू हो जाता है। इधर समय पर विद्युत न आने के कारण क्षेत्र तथा शहर के लोगों में अच्छा खासा आकोश पनप रहा है । वद्युत व्यवस्था की ओर ध्यान देते हुये इसे अविलम्ब सुधरवाने की कोशिश करें अन्यथा आने वाले समय में जनता के साथ सड़क पर जन आन्दोलन होगा।

इस ज्ञापन अवसर पर विवेक शर्मा के साथ एड. रामकुमार सुरबारिया एड. अनिल शर्मा, जयदीप जादौन, मनोज शर्मा, एड. देवेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही कोरोना काल भी चल रहा है, संक्रमण से बचने के लिए ज्यादातर लोग अपने अपने घरों में सुरक्षित हैं। सरकार द्वारा वेक्सिनेशन अभियान भी चलाया जा रहा है यह सब जानते हुए भी बिजली विभाग द्वारा एवरेज बिल के नाम पर वेतहासा वृद्धि कर अपनी मनमानी करते हुए बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं। जो जनता की खून पसीने की गाढ़ी कमाई की खुली लूट है। महत्वपूर्ण बात ये है कि सरकार का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है।



### विद्युत विभाग के अधिकारियों न नही बदला रवैया, अब तक नही हुआ कोई भी सुधार

लगातार पिछले कुछ महीनों से नगर की विद्युत व्यवस्था अस्त व्यस्त है। और बिजली अधिकारी मनमानी करने से बाज नही आ रहे। लगातार शिकायतें, निवेदन के बाद भी न तो बिजली व्यवस्था सुधरी न ही अधिकारियों का आमजन के प्रति रवैया। डीई अंकुर गुप्ता किसी भी आमजन मानस की शिकायतें न ही सुनते हैं और न ही फोन उठाते है। विधुत विभाग गर्त में जाने की ओर है।

## कोविड-19 से दिवंगत के उत्तराधिकारी अनुदान के लिए मोबाइल से ऑनलाइन पोर्टल पर भी कर सकते हैं आवेदनः श्री राजपूत

**राजस्व मंत्री बोले-दिवंगत के उत्तराधिकारी को सरल और आसान तरीके की सहायता देना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य**



भिण्ड । प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कोविड-19 के कारण मृत्यु होने पर दिवंगत के उत्तराधिकारी को 50 हजार रुपए का अनुदान देने का निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाली प्रदेश की भाजपा सरकार ने लिया है। श्री राजपूत ने बताया कि भारत सरकार और लोक स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने आवेदन के लिए मोबाइल पर भी उपयोग किया जा सकने वाला ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया है। ताकि दिवंगत व्यक्ति के उत्तराधिकारी को सरल और आसान तरीके से सहायता प्राप्त हो सके। श्री राजपूत ने बताया कि कोविड-19 से मृतक के उत्तराधिकारी को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसके लिए मृतक के उत्तराधिकारी ऑनलाइन आवदेन एमपी ई-सर्विस के पोर्टल पर कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व मोबाइल-कम्प्यूटर से ओटीपी प्राप्त कर आवेदन से जुड़े दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से कलेक्टर कार्यालय जाकर भी आवेदन किया जा सकता है। राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि दिवंगत व्यक्ति के उत्तराधिकारी को प्रकरण में लिए गए निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति या शिकायत हो तो वह ऑनलाइन-ई सर्विस पोर्टल पर शिकायत निवारण समिति को अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है अथवा व्यक्तिगत रूप से कलेक्टर कार्यालय में जाकर अपनी समस्या के लिए आवेदन कर सकता है।

**दिवंगत व्यक्ति से जुड़े ये दस्तावेज होंगे जरूरी**

राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि कोविड-19 से मृत्यु होने पर मृतक के उत्तराधिकारी को दिवंगत का मृत्यु प्रमाण पत्र, पहचान पत्र के रूप में ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड या अन्य कोई पहचान के दस्तावेज, आरटीपीसीर या रेपिट इंटीजन जांच रिपोर्ट अथवा कोविड-19 संक्रमण प्रमाणित करने संबंधित आवश्यक चिकित्सकीय जांच की रिपोर्ट के अलावा रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा फॉर्म-4 या फार्म-4 ए, में जारी डेथ मेडिकल सर्टीफिकिट के साथ संबंधित दस्तावेज जेपीजी, पीएनजी या पीडीएफ फाइल के रूप में अपलोड की जा सकती है। अपलोड करने वाली फाइल की साइज 700 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए।

**उत्तराधिकारी से संबंधित ये होंगे दस्तावेज**

राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि कोविड-19 के कारण मृत्यु होने पर दिवंगत के उत्तराधिकारी को जो दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे उनमें उत्तराधिकारी का पहचान प्रमाण-पत्र, फोटो, पहचान प्रणाम पत्र के रुप में ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड या अन्य कोई पहचान के दस्तावेज की स्व-प्रमाणित प्रति, मृतक एवं सदस्य के मध्य संबंधों का पहचान साबित करने वाले स्व- प्रमाणित दस्तावेज के साथ कैंसिल किया हुआ एक चेक, पासबुक की प्रति, जिसमें बैंकखाते का पूर्ण विवरण दर्ज हो उपलब्ध कराना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### देश की एकता अखंडता और सादगी की प्रतिमूर्ति थे शास्त्री जी



भिण्ड। देश के दूसरे प्रधानमंत्री और 'जय किसान, जय जवान' का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री की मंगलवार को 56वीं पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शास्त्री चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओ और नेताओँ ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया है। लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी 1966 को ही निधन हुआ था। वरिष्ठ नेता संजय भूता ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी ने एक ओर अपनी सादगी से राजनीति में नए मानक स्थापित किये तो वहीं दूसरी ओर अपने दृढ नेतृत्व से देश को विषम परिस्तिथियों में एकजुट कर जवानों और किसानों में अद्भुत ऊर्जा का संचार किया। राष्ट्रभक्ति व कर्तव्यनिष्ठा के ऐसे अद्वितीय प्रतीक को चरण वंदन करता हूँ। युवा कांग्रेस के आइटिसेल सहयोजक दीपू दुबे ने कहा शास्त्री ने एकता और अखंडता के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। किसानों सबसे बड़े हितैसी के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय पुरोहित, हरनारायण शर्मा, अशोक गुप्ता, ममता मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वीर प्रकाश, पिंटू शर्मा ,बिजेंद्र बघेल ,आशीष भारद्वाज, मनोज जैन, ब्रजेश जैन, सोहन तिवारी, राधामोहन कटारे, गोपाल शाक्य, भग्वेंद्र शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे, गोविंद शाक्य ने अंत में आभार व्यक्त किया।

### मध्य प्रदेश पाठ पुस्तक विकास निगम के नवनियुक्त दर्जा कैबिनेट मंत्री शैलेंद्र बरुआ आज भिण्ड में

भिण्ड । मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के सानिध्य में युवा नेता मध्य प्रदेश पाठ पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त शैलेंद्र बरुआ को नियुक्त किया गया है। वे अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 12 जनवरी को अपने गृह जिला भिंड आएंगे उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सर्व समाज के लोगों द्वारा अभूतपूर्व स्वागत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जा रही हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर पार्टी के वरिष्ठ नेता गण विशेष रुप से स्वागत सम्मान समारोह में शामिल रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री शैलेंद्र बरुआ अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जनवरी को भोपाल से शताब्दी एक्सप्रेस रात्रि 3:00 बजे भोपाल से प्रस्थान कर ग्वालियर के लिए रवाना होंगे रात्रि 8:00 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे विश्राम गृह पर विश्राम एवं पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समाज के सभी वर्गों के जन प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

### अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में 65 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश



भिण्ड । अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 65 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनो पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदको को उनके द्वारा दिए गए आवेदनों की पावती उपलब्ध कराई।

## भूकंप आपदा पर एनडीआरएफ और प्रशासन ने किया संयुक्त मॉक अभ्यास





भिण्ड। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आपदा जोखिम और नियुनीकरण हेतु कमान्डेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें विभिन्न एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने हेतु संयुक्त मॉक अभ्यास का आयोजन कर रही हैं, उसी कड़ी में आज सहायक कमान्डेंट स्वराज कमल की अगुवाई में एनडीआरएफ टीम द्वारा चौधरी यदुनाथ सिंह महाविद्यालय, जिला- भिंड में, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला भिंड (मध्य प्रदेश) के अन्य हितधारकों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से भूकंप पर एक मेगा मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान भूकंप पर एक परिदृश्य को चित्रित किया गया, जिसमें विद्यालय की एक इमारत ढह गई और कुछ कर्मचारी और छात्र फंस गए। तदनुसार, ई ओ सी (इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर) को घटना के बारे में सूचित किया गया। जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष और सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया। एनडीआरएफ की टीम के पहुंचने से पहले सतही पीड़ितों को पहले उत्तरदाताओं ने सुरक्षित निकाल लिया। घटना स्थल पर पहुंचने पर एनडीआरएफ की टीम ने प्रारंभिक आकलन किया और एक साथ ऑपरेशन का बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट, कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए गए। आकलन के तुरंत बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कटिंग उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए इमारत में क्षैतिज दृष्टिकोण बनाकर गंभीर रूप से फंसे पीड़ितों को बचाया ।

दूसरी मंजिल में फंसे अन्य पीड़ितों को विभिन्न रस्सी बचाव तकनीकों से बचाया गया। सभी पीड़ितों को मेडिकल एजेंसियों द्वारा अस्पताल पूर्व उपचार देने के बाद अस्पताल पहुंचाया गया। यह पूरी कवायद इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की गई थी और पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। इस मॉक अभ्यास को जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, सी एफ ओ, सीओ सिटी की मौजुदगी में आयोजित किया गया तथा अन्य हितधारकों द्वारा - राज्य आपदा मोचन बल, डीडीएमए, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, नगर निगम, मीडिया कर्मियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## विशिष्ट छात्रों का सम्मान



भिण्ड। स्वस्थ शरीर मैं स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उक्त विचार भारत विकास परिषद महिला शाखा जागृति की सचिव श्रीमती दिव्या श्रीवास्तव ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम मैं कही। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के अतिथि डॉ. साकार तिवारी रहे। और हमारे भारत विकास परिषद् प्रांतीय कार्यशाला संयोजक श्रवण पाठक ने बताया कि परिषद द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है एवं इस प्रथम चरण के बाद अगले चरण में गुरुओं के सम्मान का कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर शाखा की गुरु वंदन छात्र अभिनंदन की संयोजिका स्नेहलता भदौरिया ने भारत विकास परिषद के द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम के बारे में बताया कि यह परिषद के संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत आयोजित होने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमें हम छात्रों को संस्कारित करने पर बल देते हैं और उन्हें प्रोत्साहन करते हैं। सदन में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को सत्य निष्ठा एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ कोषाध्यक्ष अरुणा पाठक ने दिलाई। उक्त कार्यक्रम में संचालन भारत विकास परिषद की सचिव दिव्या श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाखा की ओर से सह सचिव माधवी चौधरी जी ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष आभा जैन के अलावा। सोनाली अग्रवाल, पल्लवी यादव, निशा भारद्वाज, राखी वर्मा, ममता श्रीवास्तव एवं प्राचार्य राघवेंद्र राजावत के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। आज सम्मानित होने वाले विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त छात्रों में भूमि अग्रवाल, अमन कुशवाह, आकांक्षा दीक्षित, सिद्धि अग्रवाल बारहवीं और शिवा कुशवाह,अंकित कुशवाह, दीबा जैन,

## ओलावृष्टि के सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन पटवारी निलंबित

भिण्ड । तहसील अन्तर्गत अतिवृष्टि व ओलावृष्टि के कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन पटवारियों को आयुक्त चंबल संभाग द्वारा वर्चुअल निरीक्षण में सर्वे स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने एवं कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणो द्वारा की गई शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लहार आरए प्रजापति द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार आरए प्रजापति ने बताया कि 8 जनवरी 2022 को रात्रि में हुई अतिवृष्टि व ओलावृष्टि के सर्वे कार्य में लगाये गये पटवारी अवधबिहारी जाटव की कलेक्टर द्वारा ग्राम बीसनपुरा में निरीक्षण के दौरान ग्रामीणो के द्वारा शिकायत तथा आयुक्त चंबल संभाग द्वारा 11 जनवरी 2022 को वर्चुअल निरीक्षण में सर्वे स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने व फसल की गिरदावरी न किये जाने पर पटवारी अवधबिहारी जाटव, पटवारी धर्मेन्द्र शर्मा एवं दीपक जारौलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## किसानों की उपज का लाभकारी मूल्य के लिए ज्ञापन सौंपा




भिण्ड। भारतीय किसान संघ द्वारा देश व्यापी आंदोलन के तहत भिंड जिले की समस्त तहसीलों में ज्ञापन दिए गए अटेर तहसील के अध्यक्ष शैलेन्द्र भदौरिया ने कहा कि जब तक किसानों को किसानों की उपज का लाभ कारी मूल्य नहीं मिलेगा तब तक किसान खुशहाल नहीं हो सकता किसानों की उपज के खरीदी की सरकार गारंटी दे इस वर्ष किसानों का बाजरा एवं ज्वार को समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदने के कारण सरकार ने किसानों के साथ धोखा दिया है रौन एवं लहार में जिला अध्यक्ष रामसिंह चौहान ने कहा कि आज किसान प्राकृतिक प्रकोप के कारण घाटे में जा रहा है, लहार तहसील के आलमपुर एवं लबों में ओलावृष्टि के कारण गेहूं, चना, सरसों की फसलों का नुक्सान शत प्रतिशत हो गया है राजस्व विभाग के अधिकारी अभी से कहना शुरू कर दिया है कि नुकसान तीस प्रतिशत हुआ है, अगर सर्वे ठीक तरह नहीं हुआ किसानों के साथ अन्याय हुआ तो जबरदस्त आंदोलन की चेतावनी देता हूँ, बाढ़ के समय पटवारियों ने सर्वे रिपोर्ट सही नहीं की आज भी बहुत से पीड़ति किसान मुआवजा के लिए भटक रहे हैं भिंड में हाकिम सिंह यादव बृजेश चौधरी, मेहगांव में ब्रह्मा नंद शर्मा, बाबू सिंह नरवरिया, गोहद में रामगोपाल सिंह गुर्जर, रामनरेश शर्मा, हनुमंत सिंह जादौन के नेतृत्व में ज्ञापन दिए गए। भिंड तहसील दार को भिंड तहसील के कार्यकर्ताओं ने हाकिम सिह, उपाध्यक्ष बृजेश चौधरी, जिला मंत्री बृजेश समाधिया, दीनदयाल यादव आदि ने किसानों की उपज का लाभकारी मूल्य, किसानों की उपज की खरीदी की गारंटी को लेकर ज्ञापन दिया साथ में ओलावृष्टि से हुई फसलों के नुक्सान का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जावे।



# नवनियुक्त पदाधिकारीयो का सम्मान कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया

**हीरावती जयपुर** विश्व ब्राह्मण महासभा एंव हेल्प फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी एंव मीडिया प्रभारी मध्यप्रदेश हेल्प फाऊंडेशन रश्मि चौहान द्वारा जानकारी प्रदान करते बताया कि फिल्म निर्माता एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत शर्मा अंधेरी पश्चिम मुंबई से, एकता शर्मा कोटा से विश्व ब्राह्मण महासभा परिवार की सदस्यता ली, इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा ने सर्व प्रथम परुशुराम भगवान जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की! राष्ट्रीय सलाहकार रंजीत शर्मा एवं एकता शर्मा कोटा को राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया, डॉ मिश्रा ने रंजीत शर्मा एवं एकता शर्मा को शपथ दिलाई इस अवसर पर संरक्षक श्री श्री 108 श्री विष्णु दास जी महाराज राधेश्याम शर्मा, मालती शर्मा, श्री नारायण सोनी, सपना सोनी, वंश शर्मा एवं माया शर्मा, विश्व ब्राह्मण महासभा ने रंजीत शर्मा, एकता शर्मा को साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया,



इस अवसर पर डॉ मिश्रा ने कहा कि हेल्प फाउंडेशन एंव विश्व ब्राह्मण महासभा हमेशा महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए वचनबद्ध रहेंगे, इस शुभ कार्य में हमारे भाई हमारे साथ रहगें, डॉ मिश्रा ने कोरोना महामारी के चलते सभी को दायित्व दिया कि सभी पदाधिकारी अधिक से अधिक संख्या में कच्ची बस्तियों में मास्क बांटे, उन्हें कोरोना से बचाने में उनका सहयोग करें, बिना मास्क बाहर ना निकले, आवश्यक कार्य हो तभी बाहर जाए सभी को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें बुजुर्गों को साथ लेकर के वैक्सीन लगवाने जाए इस विकट स्थिति में हम सभी को मिलकर कोरोना महामारी को हराना है गरीब परिवारों में राशन वितरण करना है सभी समाज के लोग जो गरीबी से जूझ रहे हैं जिनके पास नौकरी नहीं है सभी पदाधिकारियों अपने अपने घरों के आसपास दस-दस घरों में राशन देंगे ताकि कोई भूखा ना रहे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था करेंगे बुजुर्गों की दवाइयों की व्यवस्था करेंगे जो बीमार है उनकी देखभाल करेंगे यह कार्य सभी अपने अपने मोहल्ले कॉलोनी में करेंगे सभी के सहयोग से हम इस बीमारी से जंग जीत लेंगे, राधेश्याम शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया!

## पचीपुरा तालाब में हिटैची गिरने से हेल्पर की मौत

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**बैराड़**- खबर नगर परिषद बैराड़ क्षेत्र में तालाबों पर निर्माण कर रही निर्माण कंपनी की जेसीबी मशीन की धुलाई करते समय मशीन के गहरे गड्ढे में जाने से डूब कर मशीन हेल्पर की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बैराड़ क्षेत्र के तालाबों में निर्माण कार्य कर रही राजस्थान की गुडविल कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हेल्पर धनराज पुत्र जानकी मोगिया उम्र 19 वर्ष निवासी सुकेत जिला कोटा राजस्थान मशीन को मंगलवार की सुबह पचीपुरा तालाब पर धुलाई करने के लिए ले गया जहां मशीन की धुलाई करते समय मशीन के गहरे गड्ढे में जाकर डूबने से ऑपरेटर धनराज तालाब में डूब गया जिसके डूबने की सूचना ग्रामीणों द्वारा कंस्ट्रक्शन कंपनी के अन्य कर्मचारियों एवं पुलिसको दी । कंपनी के कर्मचारियों की ने ग्रामीणों के सहयोग से धनराज की बॉडी निकालकर बैराड़ अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत हेल्पर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा पीएम करा मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में ले लिया है। ज्ञातरहे बीते माह उक्त कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बैराड़ तालाब के सुंदरीकरण कार्य में भी एक ट्रैक्टर के तालाब की पार से नीचे गिरने से दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया बताते हैं जिसकी बाद में मौत हो गई। जिसे कंपनी द्वारा दबा दिया गया इसी तरह इस मामले में भी कंपनी द्वारा लीपापोती की जा रही है।



## वन-टू-वन




### भिण्ड एनएसएस ने रैली निकालकर दिया टीकाकरण का संदेश। मास्क नही तो प्रवेश नही, सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में भी लोगों को बताया।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत 15 से 18 वर्ष के किशोरों के शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज उत्कृष्ट विद्यालय की एनएसएस इकाई ने रैली निकालकर कोरोना से बचाव के लिए पात्र लोगो को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। रैली क्रमांक 1 स्कूल से हॉस्पिटल रोड,परेड चौराहा से शास्त्री चौराहे होते हुए स्कूल पर समाप्त हुई।इस दौरान राहगीरों को मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाने की भी सलाह दी तथा परिवार के सभी पात्र व्यक्तियों को कोविड -19 का टीका लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य पी एस चौहान एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य ने कहा टीका लगवाना सुरीक्षित रहने के लिए बहुत आवश्यक है। उत्कृष्ट विद्यालय के पात्र बच्चों का शत प्रतिशत वैक्सिनेशन हो चुका है। रैली में स्वयं सेवक हर्षित यादव,लल्लन वर्मा,मधु बंसल,रौनक राजावत,खुशी बंसल,पल्लवी नरवरिया,अमन वर्मा,अनुभा जैन,सीमा प्रजापति,सलोनी नेगी,तनिष्का वर्मा,गिर्राज व्यास, अभिमन्यु सिंह ने सहभागिता की।

### नगर परिषद मालनपुर के द्वारा की जा रही ट्रकों की वसूली को तुरंत बंद करवाने की कार्रवाई को लेकर पुनःयाचिका

**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** । पुनः मालनपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और नगर परिषद मालनपुर के द्वारा की जा रही ट्रकों की वसूली को तुरंत बंद करवाने की कार्रवाई को लेकर पुन:याचिका दी जिसमें अपर जिलाधिकारी जिला भिंड को दी अधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया कि मैं कलेक्टर साहब से बात करके इस पर तुरंत कार्रवाई करवाता हूं,,, इस मौके पर अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार चतुर्वेदी एवं टांसपोर्ट साथी भाई मानसिंह जी लालचंद यादव जी चांदीराम जी जसवंत सिंह शेखावत गजेंद्र सिंह धाकड़ प्रदीप भदोरिया जितेंद्र राठौर रविंद्र कुमार तिवारी जितेंद्र सिंह धाकड़ राजकुमार तोमर रामजी लाल माहौर सूरज माहौर प्रतीश शर्मा? प्रताप सिंह मनीष शुक्ला मनीष सिंह शैलेंद्र शर्मा धीरेन तिवारी विवेक राजोरिया हरीश चंद्र हरी सिंह अजय सिंह नेतराम राठोर और सभी ट्रांसपोर्टर भाई पुनः याचिका देते समय उपस्थित रहे।



## ठंड में सिकुड़ रही थी महिला,समाजसेवियों पत्रकार व आरक्षक ने पहुंचाया वृद्धाआश्रम

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

मौसम का मानसून दिन व दिन बिगड़ता ही जा रहा है और सर्दी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है।वाक्या सोमवार की रात 09 बजे के दरमियान का है।जब नगर के हृदय स्थल गणेश चौक पर एक 45 वर्षीय महिला एक बन्द दुकान के बाहर शॉल ओढ़े ठंड में सिकुड़ी हुई सर के नीचे कपड़ो से भरा बैग रखे लेटी थी।तब वहीं पास में खड़े कुछ युवा समाजसेवियों ने पत्रकार अर्पित गुप्ता को महिला के बारे में अवगत कराया।समाजसेवी युवाओ व पत्रकार अर्पित गुप्ता ने जब मौके पर उस महिला से बातचीत करने की कोशिश की तो महिला गुमसुम सी नजर आई।जिसके बाद पत्रकार अर्पित गुप्ता ने थाना दबोह में पदस्थ पुलिस आरक्षक राजू यादव को फोन कर ठंड में कांपती हुई महिला की जानकारी दी।जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए आरक्षक राजू यादव मौके पर पहुंचे और इस भीषण सर्दी के मौसम में उस महिला को एक आशियाने की जरूरत को समझते हुए उन्होंने बांके बिहारी वृद्धाआश्रम की संचालिका सीमा चौरसिया से सम्पर्क किया और उस महिला को वृद्धाआश्रम में ले जाने की बात कही।जिसपर तुरन्त मौके पर पहुंचकर सीमा चौरसिया जी ने उस महिला से बातचीत कर उसका आधार कार्ड लिया जिसके बाद बालावा देवी पत्नी जन किशोर निवासी परैछा थाना दबोह के रूप में महिला की पहचान हुई।परन्तु ऐसी सर्दी में महिला घर से इतनी दूर क्यों थी इसका कारण समझ न आया।जिसके बाद श्रीमती चौरसिया जी महिला को वृद्धाश्रम लेकर पहुंची जहां उन्हें चाय-नाश्ते के बाद खाना खिलाया और फिर उनके सोने के लिए व्यवस्था की।इस दौरान समाजसेवियो में आनंद शर्मा,इलू पटेल,सानू सेठ,दीपक महातेले के साथ अन्य युवा समाजसेवियो ने महिला की मदद की।तो वहीं मुख्य भूमिका आरक्षक राजू यादव व वृद्धाश्रम संचालिका सीमा चौरसिया की रही।



## भाजपा मौ मंडल की बैठक सम्पन्न, बनाये गए विस्तारक एवं सह विस्तारक



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**मौ**। भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं की कामकाजी बैठक हुई जिसमें शक्ति विस्तारक एवं सह विस्तारक बनाए गए जिसकी घोषणा मुख्य अतिथि एवं मंडल अध्यक्ष की सहमति से मंडल महामंत्री राजू मिश्रा द्वारा संचालन कर वाचन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री मोहन सिंह कुशबाह जी ने कहा हमे हर बूथ पर जाकर बूथ बिस्तार एंव पन्ना प्रमुख एंव पार्टी कए बरिष्ट लोगो से मिलकर यह कार्य जो हमैं संगठन नै दिया हए हम उसै सही तरीकै सै सम्पन करैगै बिशिष्ठ अतिथि पार्टी कए बरिष्ट नेता रामजीलाल शर्मा ,बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह द्वारा की गई बैठक में उपस्थित पूर्व मण्डल अध्यक्ष रघुबीर पवैया हरनारायण कुशबाह पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुन्ना गुर्जर गर परिषद कै पूर्व अध्यक्ष मर्जाद सिंह यादव लाखन सिंह यादव मंण्डल अध्यक्ष किं मोर्चा बीरेन्द यादव नरैन्द तोमर राजेश कुशबाह रघुराज गुर्जर हरीशंकर भार्गव बबली यादव मंण्डल उपाध्यक्ष धर्मैन्द राणा मैहबूब खां रामकुमार जादोन राजैन्द गोड रवि यादव कोमल यादव शतीष परिहार सुल्तान मोर्य रामू कुशबाह,मुकेश पवैया अंत में आभार प्रदर्शन मंडल के उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर द्वारा किया गया।



## टैक्सी पलटने से हुई एक युवक की मौत

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- खबर शिवपुरी से है जहां 9 तारीख की रात को शिवपुरी से पोहरी अपने उधारी का पैसा लेने गए तीन युवक जो पोहरी से लौटते वक्त परीक्षा पर टैक्सी और नियंत्रण होकर पलट गई जिसमें मौजूद एक व्यक्ति की गंभीर हालत के चलते हॉस्पिटल लाकर और उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बता दें कि तीन युवक कल्लू कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाह निवासी गायत्री कॉलोनी मुकेश कुशवाह और बट्टा कुशवाह निवासी मनियर पोहरी से टैक्सी से लौट रहे थे जिसमे परीक्षा में टैक्सी पलट गई और एक युवक टैक्सी के नीचे दब गया जिसके चलते उसकी टांग टूट गई और गंभीर हालत हो गई वही आपको बता दें कि अन्य दो युवक उसको टैक्सी में बैठाकर जिला अस्पताल लेकर आए और युवक को भर्ती कराया तत्पश्चात युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जिसकी सूचना मिलते ही कोतवाली थाना मैं परिजनों की भीड़ जमा हो गई। फिलहाल एक साथी बट्टा कुशवाह पुलिस की गिरफ्त में है उससे पूछताछ चल रही है आखिर पूरा मामला क्या था और दूसरा साथी अभी फरार हो गया है मामला उलझा हुआ सा महसूस हो रहा है इसलिए अभी इसको ना ही एक्सीडेंट का दर्जा दिया जा रहा है ना ही मर्डर कर पुलिस अपनी जांच पड़ताल में लगी हुई है

## कांग्रेस ने जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड** ।शहर कांग्रेस और नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ईमानदार जन हितेषी सैनिक और किसानों का सम्मान करने वाले राजनेता थे उनका कहना था सीमा पर रक्षा करने वाले जवान और देश में अन्न उगाने वाले किसान कि देश की अमूल्य धरोहर है जवान और किसानों के सम्मान में उन्होंने नारा दिया जय जवान जय किसान ऐसे राजनेता को सादर नमन इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जन जन के नेता थे वह बहुत ही ईमानदार थे उन्होंने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में 1965 के युद्ध में पाकिस्तान को हराकर उसको सबक सिखाया राष्ट्रपिता श्री महात्मा गांधी के विचारों से ओतप्रोत होकर स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भी भाग लिया और 9 साल जेल में रहे ऐसे नेता को हम सभी कांग्रेसी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया विजेंद्र सिंह कल्लू भारौली रामजी लाल शाक्य रेखा भदौरिया राजमणि शर्मा कमलेश जाटव राहुल कुशवाह अजय शर्मा अनीस कुरैशी मनोज जैन मामा बृजेश जैन वीर प्रकाश श्रीवास्तव अरुण शर्मा वकील आशीष भारद्वाज आनंद शाक्य संजीव बरुआ राकेश तिवारी दर्शन सिंह तोमर डॉ अमित जैन पिंटू शर्मा कुलदीप भारद्वाज नीरज त्रिपाठी विक्की राजावत रॉकी तोमर नीलम भदौरिया सूरज पाल सिंह राजावत विपुल जैन राम सत्य त्यागी हर नारायण शर्मा नरेश चौधरी आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।



# अखिल भारतीय मरवाड़ी महिला सम्मेलन का प्रांतीय 11 वाँ अधिवेशन महू में सम्पन्न

**इंदौर( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का प्रांतीय 11 वां अधिवेशन प्रतिफल महू शाखा में जनवरी माह में आयोजित हुआ।इस कार्यक्रम के निवेदक प्रांतीय अध्यक्ष अंशु जी गुप्ता,प्रांतीय सचिव सरिता जी खंडेलवाल,और प्रांतीय कोषाध्यक्ष करुणा लोहारिया जी थे।अधिवेशन में मध्य प्रदेश की 35 शाखाएं से बहने आई और मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शारदा जी लखोटिया और विशेष अतिथि राष्ट्रीय सचिव श्रीमती रेखा लखोटिया जो कोलकाता से आई थी।अन्य विशेष अतिथिगण राष्ट्रीय मध्यांचल प्रमुख श्रीमती सुमन जी मूंदड़ा ,राष्ट्रीय जन जागरण प्रमुख श्रीमती इंदु जी सोमानी,सम्मानिय अतिथिगण पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती राधा जी लड्ढा,श्रीमती सरला जी गट्टानी,श्रीमती शकुंतला जी खंडेलवाल,निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती इंदु जी गर्ग,महू शाखा के साथ 35 शाखाओं की 250 बहने मध्य प्रदेश से उपस्थित थी।कार्यक्रम में सबसे पहले अतिथि गण का स्वागत हुआ ढोल के साथ दीप प्रज्वलन हुआ।



कार्यक्रम में संवेदना स्कूल महू के विशेष बच्चों ने प्रार्थना गीत सुना कर अपनी प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का संचालन शकुंतला विजयवर्गीय और अनीता खंडेलवाल ने किया।अध्यक्ष किरण गोयल जी ने स्वागत अभिनंदन किया।महू शाखा की बहनों ने स्वागत डांस किया।

**प्रतिफल की बेला में सभी शाखाओं ने बैनर प्रस्तुति दी:** 2 वर्षीय में उत्तम कार्य करने के लिए अवार्ड सेरेमनी हुई।जिसमें महू शाखा को श्रेष्ठतम कार्य के लिए अवार्ड मिला,बेस्ट प्रेसिडेंट किरण गोयल, बेस्ट सेक्रेटरी राजकुमारी अग्रवाल रही।बेस्ट शाखा महू,विशेष सहयोग पुरस्कार राजकुमारी अग्रवाल किरण गोयल,अंजना बाहेती को निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला, इसी प्रकार अन्य शाखाओं को भी अवार्ड दिए गए।साथ ही आगामी प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती माया जी सिव्हल की ताजपोशी हुई।और आगामी 2024-28 प्रांतीय अध्यक्षों की वोटिंग हुई ।



**महक पत्रिका का विमोचन हुआ:** केक काटकर 25वीं रजत जयंती भी मनाई गई।कार्यक्रम में आभार सचिव राजकुमारी अग्रवाल ने किया।यह कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से शाम को 6:00 बजे तक चला जिसमें ब्रेकफास्ट हाइटी और डिनर रहा।

# आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा निर्माण सामग्री जब्त की

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**खण्डवा ।** जिला आबकारी अधिकारी खण्डवा आर.पी.किरार ने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं संग्रहण के विरूद्ध आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत 8, 9 एवं 10 जनवरी, 2022 को खण्डवा जिले में वृत्त खण्डवा ''अ'' में आबकारी उपनिरीक्षक अंकित सोलंकी द्वारा 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जिसमें 3 आरोपी, 41 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 270 कि.ग्रा. महुआ लहान जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि वृत्त खण्डवा ''ब'' में आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री हेमलता मुवेल द्वारा 14 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जिसमें 11 आरोपी, 53 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 250 कि.ग्रा. लहान जप्त किया गया। वृत्त खण्डवा ''स'' में आबकारी उपनिरीक्षक दीपक रोकड़े द्वारा 7 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जिसमें 6 आरोपी, 26 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 45 कि.ग्रा. लहान जप्त किया गया। वृत्त खण्डवा ''नया हरसूद'' में आबकारी उपनिरीक्षक शेरसिंह





मोरे द्वारा 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जिसमें 4 आरोपी, 2.52 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन, 41 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 265 कि.ग्रा. लहान जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत कुल 37 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जिसमें 22 आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उक्त अवधि में 2 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत पंजीबद्ध किये गये है, जिसमें खण्डवा वृत्त ''ब'' में आरोपी दिनेश पिता प्रतापसिंग के कब्जे से 52 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं एक दोपहिया वाहन तथा खण्डवा वृत्त ''स'' में आरोपी अनिल पिता सोहनलाल के कब्जे से 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर दोनों आरोपियों को न्यायालय खण्डवा में पेश किया गया, जिन्हें माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया।

जिला आबकारी अधिकारी श्री किरार ने बताया कि इस प्रकार जिले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) एवं (2) के तहत कुल 39 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जिसमें 24 आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया एवं 2.52 बल्क लीटर देशी मदिरा, 268 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 830 कि.ग्रा. महुआ लाहन एवं एक दोपहिया वाहन जप्त किया गया। जप्त मदिरा, दो पहिया वाहन एवं महुआ लहान की अनुमानित कीमत रुपए 99350 है। जप्त महुआ लहान को मौके पर नियमानुसार नष्ट किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

# कम भाव मिलने पर किसान ने ट्राली में भरी लहसुन सड़क पर फेंकी

**धार।** जिले के दसाई के एक किसान ने कम भाव मिलने पर ट्रैक्टर-ट्राली में भरी लहसुन गंगाजलिया रोड पर फेंक दी। किसान का कहना है कि लहसुन के उचित भाव नहीं मिलने के कारण वह बेचना नहीं चाहता है। किसान ने सरकार को भी जमकर कोसा। किसान अशोक पाटीदार और सुनील पाटीदार ने बताया कि धार सहित इंदौर मंडी में भी भाव नहीं मिल रहा है।



लहसुन का चार सौ से पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल भाव मिल रहा है। ऐसे में लहसुन की लागत भी नहीं निकल पा रही है। ऐसी स्थिति में फसल फेंकना ही उचित है। किसान सुनील पाटीदार ने बताया कि मैं इंदौर मंडी में लहसुन लेकर गया था, मगर भाव नहीं मिलने के कारण वापस लेकर आ गया। किसान ने 300 बीघा में लहसुन उगाई थी। एक बीघे की लहसुन बेच दी थी और दो बीघा की फसल बचा ली थी। तीन बीघा में 60 हजार रुपये का खर्चा हो गया था। उसे बेचने गया तो 60 हजार भी नहीं मिल रहे थे। इसलिए गुस्से में मैंने अपनी उपज फेंक दी।

## वन-टू-वन

### मंत्री ने टार्च की रोशनी में किया फसलों का निरीक्षण

**रायसेन।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने सांची विकासखण्ड के ग्राम बारला, तिजालापुर सहित अन्य गांवों में सोमवार देर शाम पहुंचकर असमय वर्षा/ओलावृष्टि से फसलों, मकानों को हुई क्षति का अवलोकन किया। जब तक वे खेतों में पहुंचे, तब तक अंधेरा पसर चुका था। लिहाजा, उन्होंने टार्च की रोशनी में फसलें देखीं। उन्होंने किसानों से भी चर्चा कर फसलों को हुई क्षति की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है तथा प्रभावित किसानों की हरसंभव सहायता की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने एसडीएम एलके खरे को शीघ्र सर्वे कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावितों को सहायता उपलब्ध कराई जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि सर्वे कार्य से कोई भी प्रभावित छूटे नहीं। प्रत्येक प्रभावित किसान की फसलों को हुई क्षति का आकलन किया जाए।

### कोरोना के केस बढ़ने पर एमपी बोर्ड ने परीक्षा केन्द्र बढ़ाए

**भोपाल।** कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17-18 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा केंद्रों में इजाफा किया है. बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रदेश भर में 10 फीसदी परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच माध्यमिक शिक्षा मंडल सोशल डिस्टेंसिंग के साथ परीक्षाएं कराने को लेकर तैयारियां कर रहा है। इस बार 300 से 400 अतिरिक्त परीक्षा केंद्र तैयार किए जाएंगे. प्रदेश भर में कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं के 18 लाख परीक्षार्थियों के लिए इस बार ज्यादा परीक्षा केंद्र तैयार कराने को लेकर तैयारियां शुरू की जा रही है। साल 2020 में मंडल ने 3864 परीक्षा केंद्र तैयार किए थे, तो अब इस साल इन परीक्षा केंद्रों में 10 फीसदी का इजाफा होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए भी सरकारी स्कूलों में ही परीक्षा केंद्र तैयार कराने जा रहा है। कोरोना संक्रमण विद्यार्थियों के लिए परेशानी ना हो इसके लिए 3 किलोमीटर में ही परीक्षा केंद्र बनाने को लेकर निर्णय लिया है. प्राइवेट स्कूलों के परीक्षा केंद्र सरकारी स्कूल में ही तैयार किए जाएंगे। कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 17और 18 फरवरी से आयोजित हो रहे हैं. परीक्षा केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाएगा. एक सीट छोड़कर छात्र छात्राओं को परीक्षा केंद्रों पर बिठाया जाएगा. छात्र छात्राओं के बीच करीब 6 फीट की दूरी अनिवार्य रहेगी. परीक्षा केंद्र पर छात्र-छात्राओं के लिए मास्क जरूरी होगा. छात्र छात्राओं को परीक्षा केंद्रों पर थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा.

### चार हजार के कपड़े खरीदकर दुकानदार से बोला किडनेपर-बच्चे को देखना पैसे लेकर आता हूं, फिर भाग गया

**इंदौर।** ठगी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अनजान शख्स ने राह चलते कारोबारी के बेटे का अपहरण किया। फिर उसे कपड़े की दुकान पर बैठकर खरीदी कर फरार हो गया। पैसों के इंतजार में व्यापारी मासूम की देखरेख करता रहा. बाद में उसे ठगी का पता चला। इंदौर में शॉपिंग के लिए ऑटो पार्ट्स कारोबारी के 7 साल के बेटे को किडनेप करने का मामला सामने आया है। किडनेपर ने राह चलते एक सात के मासूम से एक कपड़े की दुकान का पता पूछ, उसे बातों में लगाया. फिर उसे कपड़े की दुकान पर साथ में ले गया। आरोपी ने दुकान से लगभग चार हजार रुपए के कपड़े खरीदे। फिर दुकानदार से कहा कि वह पैसे लाना भूल गया है, पास में ही उसका घर है , जब तक पैसे लाता हूं,बच्चा दुकान पर ही बैठा रहेगा। ठग ने दुकानदार को यह भी कहा कि वह बच्चे का ख्याल रखे।जब काफी देर तक वह शख्स लौटकर नहीं आया तो दुकानदार ने मासूम को पिता को फोन लगाने को कहा. तब मासूम ने कहा की वह उस शख्स को नहीं जानता. तब जाकर दुकानदार के भी होश उड़ गए. बच्चे को जब नजदीकी सदर बाजार थाने लेकर पहुंचे तो पता चला कि मासूम लगभग पांच घंटे से गायब है और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

# नवचेतना युवा संगठन की बैठक संपन्न विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

श्योपुर नवचेतना युवा संगठन की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को संगठन के कार्यालय पर आहूत की गई उक्त बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक धर्मेंद्र मीणा ने की एवं संचालक देवेंद्र शर्मा ने किया बैठक में एजेंडा अनुसार संगठन के आगामी कार्यक्रम एवं सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया गया जिसमें सदस्यों द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रस्ताव लिए गए जिस पर सर्व सहमति से ठहराव कर पारित किया लिए गए निर्णय में दिनांक 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती पर संगठन द्वारा विवेकानंद पार्क पर पूजन एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से किया जाएगा उसी के साथ संगठन का सदस्यता अभियान की शुरुआत की जाएगी जिसका प्रभारी श्री प्रेम प्रकाश बैरागी एवं नरेश धाकड़ जी को नियुक्त किया गया इसी के साथ 13 जनवरी को जरूरतमंद लोगों को रात्रि में गर्म कपड़े एवं कंबल बांटे जाएंगे उक्त कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती राधा



हरदेनिया जी को बनाया गया इसी के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की गई उक्त बैठक में संगठन के संरक्षक धर्मेंद्र मीणा जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा नरेश धाकड़ राधा हरदेनिया प्रेम प्रकाश बैरागी सोनू गोयल अमन शर्मा हितेश सोनी नीरज राजपूत प्रदीप वर्मा उमेश मंगल महेंद्र आर्य श्रीमती प्रेमा बाई टैगोर विशाल नायक विनोद मामा अजय नायक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो महीने के भीतर पंचायत चुनाव नहीं हुए तो कांग्रेस करेगी आंदोलन: कमलनाथ



**भोपाल।** प्रदेश में पिछले 7 साल से पंचायत के चुनाव नहीं हो पा रहे हैं, इसकी मुख्य वजह भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओबीसी और आरक्षण विरोधी नीति है. ऑर्डिनेंस के जरिए शिवराज सरकार एक ऐसा काला कानून लेकर आई जिसमें न रोटेशन का पालन किया गया, न परिसीमन का और न आरक्षण का, इसी काले कानून की वजह से चुनाव रद्द हो गए।

अगर मध्य प्रदेश की सरकार 2 महीने के भीतर परिसीमन, रोटेशन और ओबीसी आरक्षण के साथ ग्राम पंचायत चुनाव नहीं कराती तो कांग्रेस पार्टी जिला स्तर, ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक बड़ा आंदोलन करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात कही। कमलनाथ ने पंचायत चुनाव के मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ताओं ने परिसीमन और रोटेशन का मुद्दा उठाया था लेकिन जब कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर अपना फैसला सुनाया तो वहां मौजूद मध्य प्रदेश सरकार के वकीलों ने कोई आपत्ति नहीं की. सरकार को तुरंत माननीय उच्चम न्यायालय से अपने आदेश को रीकॉल करने का निवेदन करना चाहिए था, जो नहीं किया गया. अगले दिन ही सरकार को पुनर्विचार याचिका लगानी चाहिए थी जो नहीं लगाई गई।

# ओला प्रभावित फसलों का आंकलन किया जा रहा है किसान धैर्य बनाए रखें : संध्या राय

### भाजपा सांसद संध्या राय ने कहा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासनिक अधिकारियों टीम बनाकर कर रहे हैं सर्वे

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने भिंड जिले के विधानसभा क्षेत्र लहार के दमोह आलमपुर एवं दतिया क्षेत्र के ओला प्रभावित गाँवों ओला पीड़ित किसानों को कहां की धैर्य बनाए रखें मध्य प्रदेश मैं भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रुपए प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं कि जिन जिन गांव में ओलावृष्टि से फसल नुकसान का किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है उसका सही तरह से आकलन करें और सरकार तत्काल अवगत कराएं ताकि उन्हें फसल बीमा का लाभ मिल सके। उन्होंने इस दौरान ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को ढांढस बंधाया कि संकट की इस घड़ी में केन्द्र और राज्य सरकार आप सबके साथ है।

सांसद संध्या राय ने कहा कि जिले में ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान के बारे



में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आग्रह किया है कि फसलों का जल्द से जल्द सर्वे कराकर किसानों को राहत एवं फसल बीमा का भुगतान कराया जाए।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री को लिखेंगे पत्र

भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि ओलावृष्टि किसानों को भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए पत्र के माध्यम से उन्हें ध्यान आकर्षित कराया जाएगा ताकि भारत सरकार से भी उन्हें आर्थिक मदद मिल सके ऐसे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहले से ही घोषणा की है कि सर्वे रिपोर्ट आने के तुरंत बाद नुकसान फसल के लिए फसल बीमा योजना का लाभ उन्हें तत्काल दिया जाएगा इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त भी किया द्य

# स्मेक के कारोबार पर नही लग सका अंकुश

### नशेड़ियों की संख्या में जमकर हो रहा इजाफा।


### नाबालिग जम कर बेच रहे स्मेक।

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

**श्योपुर।** श्योपुर नगर में स्मेक के कारोबार को लेकर की गई तमाम कार्रवाई के बाद भी स्मेक के कारोबार पर अंकुश लगाया जाना मुमकिन नजर नही आ रहा है। जबकि सच तो यह है कि पुलिस द्वारा स्मेक पर की गई तमाम कार्रवाई के बाद स्मेक का कारोबार दिन पर दिन बढ़ता ही नजर आरहा है जिसके चलते स्मेक का नशा करने वाले नशेड़ियों की संख्या में भी जमकर इजाफा हो रहा है।बढ़ते स्मेक के कारोबार के चलते श्योपुर नगर के साथ ही आस पास में गावो के लोगो मे भी स्मेक के नशे की लत बढ़ रही है जहा दिन उगते ही स्मेक का नशा करने वाले नशेड़ियों की लाइन लगती स्मेक कारोबारियों के यहां लगती दिखाई दे रही है।

### नाबालिग जम कर बेच रहे स्मेक।

श्योपुर नगर में फल फूल रहे स्मेक के कारोबार के चलते पढ़ने लिखने की उम्र व खलने कूदने की उम्र में नाबालिग स्मेक बेच रहे है स्तिथि यह है कि चंद पेसो के लालच में कम उम्र के बच्चे स्मेक बेच रहे है जिसके चलते बच्चों जिंदगी तो बर्बाद हो ही रही है वही आपराधिक परवर्ती के चलते अपराधियो की संख्या में भी इजाफा हो रहा है जिसके चलते जहा आज गली मोहल्लों का माहौल खराब हो रहा है वही कल नगर का माहौल खराब होने की आशंका से भी इंकार नही किया जासकता है।



### घर के साथ इन स्थानों पर बिक रही स्मेक

श्योपुर नगर में स्मेक के कारोबार में हो रहे जमकर इजाफे के चलते अब स्मेक कारोबारी घर के साथ ही नगर की अनाज मंडी,सब्जी मंडी,पुल दरवाजा,किला सहित बड़ा इमाम बाडा, कनडेल बाजार,गुल्ल्या मोहल्ला,कर्बला घाट,जतिघाट, पण्डितघाट पर स्मेक की बिक्री करवा रहे है जहा इन स्थानों पर सुबह से ही स्मेक का नशा करने वाले नशेड़ियों की लाइन लगती नजर आती है जिसके चलते आस पास निवास करने वाले लोगो को भारी परेशानियों के साथ चोरी चकारी होने का भय बना रहता है।



# अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष और महासचिव का चुनाव सर्वानुमति से सम्पन्न हुआ

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा**

**मध्यप्रदेश =-** मनावर चुनाव के प्रमुख पर्यवेक्षक मोहन भायल तथा सह पर्यवेक्षक मोहन बर्फा व मुख्य अतिथि निवृत्तमान प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश मुकाती के आतिथ्य में तथा 101 प्रदेश प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चुनाव सर्वानुमति से सम्पन्न हुए। एंकर-प्रांतीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद इंदौर के सीए भगवान लछेटा ने मनावर स्थित वीआईपी निवास स्थान पर स्वागत सत्कार के दौरान बताया कि हमारे समाज की पहली प्राथमिकता शिक्षा के क्षेत्र में कोष बनाने की है। जिससे समाज द्वारा कमजोर बच्चों को आर्थिक सहायता दी जा सके। लछेटा ने बताया कि अभी तक हमारे समाज के 256 गांवों में समाज की जनगणना नहीं हुई है। जनगणना किए जाने से हमें पता चलेगा कि समाज के लोग किस क्षेत्र में कार्यरत है और किस व्यापार में षामिल होने का पता चलेगा। अखिल भारतीय सिर्वी महासभा के प्रांतीय महासचिव बनने के बाद कुक्षी के कांतिलाल गेहलोत ने बताया कि समाज के युवाओं के संगठन को तहसील, जिला और प्रदेश तक बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। हम अपनी आने वाली पीढ़ी को धर्म व संस्कार के प्रति भी जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कोविड-19 के संबंध में गूगल मीट के माध्यम से की समीक्षा

# कोविड संक्रमण की तीव्रता को देखते हुए प्रतिदिन 10 हजार कोरोना टेस्ट का लक्ष्य रखकर करें कार्य

## कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन का संदेश जन-जन तक पहुँचाने में जनप्रतिनिधि भी बनें भागीदार



ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि कोविड की तीसरी लहर की तीव्रता को देखते हुए सभी प्रबंध पुख्ता किए जाएं। जिले में प्रतिदिन 10 हजार कोरोना टेस्ट का लक्ष्य रखकर कार्य किया जाए। कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट जल्द से जल्द प्राप्त हो, इसका भी प्रबंध किया जाए।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने मंगलवार को गूगल मीट के माध्यम से कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में यह बात कही। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल सहित विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया ने बैठक के प्रारंभ में ही क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर सहित सभी लोगों से कोविड-19 के संक्रमण से बचने हेतु सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये जो टीम काम कर रही है, उन्हें अपनी सावधानी भी रखना होगी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर में संक्रमण की गति बहुत अधिक है। इसको देखते हुए हमें कोविड के टेस्ट की संख्या को बड़ाकर 10 हजार तक ले जाना होगा। इसके लिये जाँच केन्द्र और दलों की संख्या को भी उसी अनुपात में बड़ाने की आवश्यकता है।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने समीक्षा बैठक में यह भी कहा कि कोविड अनुरूप व्यवहार लोग करें, इसके लिये जन जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय, ग्राम स्तरीय और वार्ड स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों को सक्रिय होना पड़ेगा, तभी लोगों में जागरूकता बड़ेगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर क्राइसेस मैनेजमेंट समिति की बैठकें भी आयोजित की जाएं, जिसमें ऑनलाइन जनप्रतिनिधि भी शामिल हों।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने समीक्षा बैठक में कहा कि ग्वालियर में कोरोना के संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी व्यापक तैयारियां की गई हैं। अधिक से अधिक टेस्ट हों, इसके लिये भी प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पतालों में पलंग, दवायें एवं ऑक्सीजन की व्यवस्था भी कर ली गई हैं। कोविड अनुरूप व्यवहार लोग करें, इसके लिये जन जागरूकता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम की जवाबदारी केवल प्रशासन और शासन की नहीं, इसमें जन-जन की भागीदारी नितांत आवश्यक है। मध्यप्रदेश में क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटियों का गठन कर जन जागरूकता के लिये जो पहल की गई है, वह सराहनीय है। इन समिति से जुड़े हुए प्रत्येक सदस्य को अपने-अपने क्षेत्र में जन जागरूकता का कार्य करना चाहिए। इसके लिये समितियों की नियमित बैठकें भी आयोजित की जाएं।

समीक्षा बैठक में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ब्लॉक स्तर एवं ग्रामीण स्तर पर भी संक्रमण की रोकथाम हेतु निरंतर सार्थक प्रयास किए जाना चाहिए।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और विकास कार्यों को गति देने के लिये

### बीज निगम के अध्यक्ष श्री गोयल ने की अधिकारियों से चर्चा

### कलेक्टर श्री सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक



ग्वालियर 11 जनवरी 2022/ मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फर्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने तथा विकास के कार्यों को गति देने के लिये कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में चर्चा के दौरान एडीएम श्री एच बी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में दीनदयालनगर में नवनिर्मित हॉस्पिटल के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक संसाधन एवं पैरामेडीकल स्टाफ की तैनाती के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में स्वीकृत पानी की टंकी का निर्माण और जच्चा खाने में नलकूप खनन का कार्य तत्परता से कराने को कहा गया। इसके साथ ही सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक कार्यालय भवन को कंडम घोषित किए जाने के उपरान्त नवीन भवन निर्माण की कार्रवाई तत्परता से करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने तथा जिला चिकित्सालय में कच्चे फुटपाथ पर स्वीकृत पेवर एवं सीसी रो? निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 10 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। श्री मुन्नालाल गोयल ने जरूरतमंदों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराकर प्राइवेट अस्पतालों में उपचार की व्यवस्था कराने के संबंध में भी अपनी बात रखी। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु स?कों व फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगर निगम और पुलिस विभाग संयुक्त रूप

## संक्षिप्त समाचार

### संभागीय बाल भवन द्वारा युवाओं व बच्चों के लिये ऑनलाइन प्रतियोगितायें

ग्वालियर। युवा दिवस 12 जनवरी के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित संभागीय बाल भवन मयूर मार्केट ठाठीपुर के तत्वावधान में युवाओं व बच्चों के लिये ऑनलाइन विविध कार्यक्रम व प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगीं। इसी तरह राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के उपलक्ष्य में भी ऑनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सहायक संचालक संभागीय बाल भवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी युवा दिवस पर ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग व कैरियर डवलपमेंट वर्कशॉप आयोजित होगी। साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के जीवन व दर्शन पर केन्द्रित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है। इसी क?ी में 13 जनवरी को ड्रॉइंग पोट्रेट स्केचिंग व 14 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी पर केन्द्रित सोलो एक्ट कार्यक्रम होगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को चित्रकला प्रतियोगिता, शौर्य गीत, जन गीत तथा बालिकाओं द्वारा विज्ञान में किए गए चमत्कार पर निबंध प्रतियोगिता होगी।

### कैंसर हॉस्पिटल रोड पर ठेले वालों को व्यवस्थित कर रंगोली के बीच में रखवाए डस्टबीन

ग्वालियर। स्वच्छता प्रतिदिन का कार्य है तथा हम सभी को प्रतिदिन स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना चाहिए। यही संदेश जन-जन तक पंहुचाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्ड स्तर पर विभिन्न नवाचारों के माध्यम से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जहां एक ओर वर्षों पुराने कचरा ठियों को साफ कर उन स्थलों को आकर्षक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आमजनों को भी सडक के किनारे या चौराहे पर कचरा न फेंककर घर या दुकान का कचरा केवल निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में निगम के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी द्वारा यही प्रयास किया जा रहा है कि हमारा ग्वालियर सबसे स्वच्छ ग्वालियर कैसे बने। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव ने वार्ड 56 में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जगदीश चित्तौड़िया, राजस्व निरीक्षक श्री कपिल पांडे, डब्ल्यूएचओ श्री राजेश एवं स्वचछता की ब्रांड एम्बेस्डर सुश्री श्रद्धा कुमारी के साथ मिलकर एक अभिनव प्रयास किया।






# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जन समस्याओं के निराकरण के लिये वार्ड-15 में किया भ्रमण



ग्वालियर। जन समस्याओं के निराकरण के लिये एवं स्वच्छता व कोरोना जनजागरूकता को लेकर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा वार्ड भ्रमण किया जा रहा है। इसी के तहत आज वार्ड-15 के जती की लाइन व बाल्मीक बस्ती में निरीक्षण कर आमजन की समस्याओं को सुना व उनके निराकरण के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री ब्रजमोहन शर्मा, नगर निगम अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसई विद्युत श्री विनोद कटारे सहित निगम, प्रशासन व विद्युत अमला मौके पर उपस्थित रहा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने मंगलवार को वार्ड-15 के बाल्मीक बस्ती के प्रत्येक घर पर पहुँचकर उनकी समस्याओं को सुना तथा जहां जो समस्या आई उसके लिये तत्काल संबंधित अधिकारी को समस्या के समाधान के लिये निर्देशित किया। जमादार लाइन में निवासरत संतोषी लाल बाल्मीक के यहां ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने चाय व नास्ता किया। साथ ही बाल्मीक बस्ती में निवासरत सभी लोगों को शासन की मूलभूत सुविधायें देने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

जती की लाइन में भ्रमण के दौरान शा. प्रा. स्कूल के सामने बने मूत्रालय को देख कर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि मूत्रलाय की साफ-सफाई के साथ व्यवस्थित किया जाए। इसके आस पास गंदगी है इसको साफ कर सीसी डालकर साफ व स्वच्छत परिसर रखा जाये। इसके साथ ही शा. प्रा. स्कूल में निरीक्षण कर बच्चों से चर्चा कर मास्क लगाकर ही स्कूल आने के लिये कहा।

इसके साथ ही ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बिना मास्क के घूमने वालों को मास्क वितरण किये। साथ ही जती की लाइन में बने जती का बाग (पुरानी इमारत) का रिनोवेशन कराकर वाचनालय बनाने के निर्देश अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र गुर्जर को दिये। साथ ही क्षेत्र में विद्युत पोल व केवल लगाने तथा जिन विद्युत पोलों में करंट आ रहा था उन पर पाइप लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

### कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई

# लगभग एक सैंकड़ा लोगों की समस्यायें सुनी गईं



ग्वालियर। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में मंगलवार को लगभग एक सैंकड़ा लोगों की समस्यायें सुनी गईं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जन-सुनवाई में आए नामांतरण, सीमांकन व बटवारा संबंधी प्रकरणों को त्वरित गति से निराकृत करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। कलेक्टर श्री सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने जन-सुनवाई में पहुँचे सभी फरियादियों की एक-एक कर समस्यायें सुनीं। साथ ही उनके आवेदनों के निराकरण की

(मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री शैलेंद्र बरुआ के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जगह-जगह स्वागत)

# श्री बरूआ संगठन और राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित: पवैया

**भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता असामान्य पदों पर पहुंच सकता है- बरूआ**



ग्वालियर 11 जनवरी। संगठन और राष्ट्वाद के प्रति समर्पित और हिंदुत्व के विचार को अपने जीवन में उतार कर श्री शैलेंद्र बरूआजी ने तपस्या की है। समर्पण की यह सच्ची परिभाषा होती है चाहे जितने ब? आकर्षण आ जाएं, चाहे जितनी ब?ी बाधाएं आ जाएं, अपना कुछ भी खोना प? पर विचारधारा से समझौता कभी नहीं करना, अपनी विचारधारा पर प्राण प्रण से अडिग रहना, हिंदुत्व से समझौता नहीं हो सकता, राष्ट्वाद से समझौता नहीं हो सकता, यदि अपने मन के प्रतिकूल कोई निर्णय हो भी जाए तो उस फैसले को भी नीलकंठ की तरह, शंकर जी बनकर पी जाओ। उक्त बात मंगलवार को पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया जी ने मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री शैलेंद्र बरुआ जी के प्रथम नगर आगमन पर गांधी रोड स्थित विश्रांति गृह पर आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

श्री पवैया जी ने कहा कि श्री बरूआ जी ने संभागीय संगठन मंत्री रहते हुए हजारों हजार कार्यकर्ताओं का निर्माण किया। श्री शैलेंद्र बरुआ का कार्यकर्ताओं से आत्मीय संपर्क रहा है आज यहां स्वागत समारोह में जो कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं वह आत्मीय संबंध की वजह से स्वागत करने उपस्थित हुए है। आज यहां जितने लोग स्वागत करने आए हैं यह बरुआ जी के व्यवहार और उनके गुणों के कारण उनके सम्मान में आए हैं। आज मैं शैलेंद्र बरुआ जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं कि वह हम सबके समक्ष नेता के रूप में पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष के रूप में नई भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री शैलेंद्र बरुआ जी ने कहा कि हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं हम

# हर वार्ड में शत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण होना चाहिए- संभागीय आयुक्त श्री सक्सैना

### संभागीय आयुक्त एवं निगमायुक्त ने की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से स्वच्छता की समीक्षा

ग्वालियर। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए वार्डों की स्वच्छता रैंकिंग के अंकों को लेकर कम अंक लाने वाले वार्डों के मॉनिटर से चर्चा कर हर हाल में शत प्रतिशत अंक लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। स्वच्छता समीक्षा के दौरान संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने निर्देश दिए कि जिस भी वार्ड में जो समस्या हो वाहन की समस्या और ड्राइवर की समस्या हो उसका त्वरित निराकरण करें और आगामी सप्ताह से वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में कचरा संग्रहण से संबंधित शत प्रतिशत अंक आने ही चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। बैठक में निगम आयुक्त श्री कन्याल ने सभी वार्ड मॉनिटर को निर्देश दिए कि सभी वार्डों में पब्लिक शौचालय एवं मूत्रालय के लिए स्थान की जानकारी आज ही उपलब्ध कराएं।

# मुनिश्री के सानिध्य में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर ने शपथ ली

### मुनिश्री के सानिध्य में अध्यक्ष पुलक अग्रवाल, सचिव विपिन जैन एवं कोषाध्यक्ष हितेंद्र बोहरा ने टीम के साथ शपथ ली

### नवीन टीम को सम्मानित किया, अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष ने अपना कार्यभार नवीन टीम को सौपा



ग्वालियर- दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर की नवीन टीम का शपथ व सम्मान समारोह वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में की आज मंगलवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में 2022 की नवीन कार्यकारिणी की टीम ने शपथ ली। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संस्था के संरक्षक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शपथ अधिकारी विकास गंगवाल, अनिल शाह व संरक्षक निर्मल पाटनी थे । संस्था स्थापक अंकित जैन मौजूद थे।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित ब्रह्मचारिणी रीना दीदी नीतू दीदी व अतिथिगणों ने सामूहिक रूप से किया। मंगलचरण रीना दीदी व स्वागत उद्बोधन पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष शशांक जी सोनी व संस्था का परिचय स्थापक अध्यक्ष अंकित पाटनी प्रस्तुत किया। 15 नवीन सदस्यों को शपथ अधिकारी अनिल शाह ने दिलाई। संचालन अखलेश सोनी व आभार विपिन जैन महामंत्री ने किया। शपथ अधिकारी विकास गंगवाल ने नवीन टीम में संस्थापक अध्यक्ष अंकित पाटनी, अध्यक्ष पुलक अग्रवाल, निवृतमान अध्यक्ष शशांक जी सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितेश बोहरा, उपाध्यक्ष- प्रणव पाटनी पंकज बाकलीवाल अखिलेश सोनी, के साथ कार्यकारिणी टीम को शपथ दिलाई गई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478